दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अनोखे पौधे जो करते हैं ......



दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड.......

वर्ष : 11 | अंक : 317 | लखनऊ, 08 नवम्बर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री भारती फरार घोषित




**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर 2021 में रायबरेली पुलिस के साथ अभद्रता का आरोप है। इस मामले पर भारती के ऊपर एक केस भी दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रायबरेली के एमपी/एमएलए कोर्ट में सोमनाथ भारती के हाजिर नहीं होने पर यहां की अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर दिया है।

### बंगाल के स्कूलों में गाना होगा 'बांग्लार माटी'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 'सर' को लेकर ममता ने केंद्र के खिलाफ हल्ला बोला है। राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हर सुबह की एसेंबली में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' को अनिवार्य कर दिया है।

### अदाकारा सुलक्षणा को नम आंखों से दी विदाई



**मुंबई।** गुरुवार को बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा और गायिका सुलक्षणा पंडित का देहांत हुआ। 71 साल में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को मुंबई के विले पार्ले स्थित पवनहंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर सिर्फ परिवार के करीबी मौजूद रहे। उनके भाई और म्यूजिक कंपोजर ललित पंडित शामिल हुए।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पीएम ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

# यह मां भारती की साधना-आराधना का स्वर और यह एक मंत्र और एक स्वर बन गया

### चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत पर देशभर में मनाया जाएगा उत्सव

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर एक साल चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। बंकिमचंद्र चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरा होने पर देश भर में इसके लिए उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह गीत भारतीयों की आत्मा का आवाज है।पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मां भारती की अराधना का राष्ट्रीय स्वर यह गीत है। पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक शब्द नहीं है करोड़ों भारतीयों के लिए यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। इस दौरान मोदी ने एक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।

सालभर चलेगा यह आयोजन, दिल्ली में की शुरुआत




पीएम मोदी दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए।

### वंदे मातरम का मतलब संकल्पों की सिद्धि

पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है, और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### गीत को बताया राष्ट्र की आत्मा का स्वर

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे मातरम का जब भी हम उल्लेख करते हैं, तो ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है। यह हर भारती के भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके। ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### खुद पर विश्वास करें, इसे भारत की सदी बनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस सदी को भारत की सदी बनाना है। यह सामर्थ्य भारत में है, यह सामर्थ्य 140 करोड़ भारतीयों में है और इसके लिए हमें खुद पर विश्वास करना होगा। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलने वाले एक साल के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ है। वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था।

## उधर महाराष्ट्र में गीत पर घमासान — आजमी के राष्ट्रीय गीत गाने से कर दिया इनकार



इस जश्न के बीच वंदे मातरम को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। शुक्रवार को मुंबई में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सपा नेता अबु आजमी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और सपा नेता से राष्ट्रीय गीत गाने की मांग की। अबु आजमी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि जैसे आप मेरे साथ नमाज नहीं पढ़ सकते, उसी तरह मैं वंदे मातरम नहीं गा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को उसकी मर्जी के बगैर राष्ट्रीय गीत गाने के लिए मजबूर करना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। आजमी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक फायदे के लिए राष्ट्रवाद का इस्तेमाल कर रही है।

### भाजपा का पलटवार- तो जाइए पाकिस्तान

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा विधायक राज के पुरोहित ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक है। वंदे मातरम क्या है, जहां हम रहते हैं, उस धरती तो नमन है। इसे गाया जाना चाहिए और देश का सम्मान करना चाहिए। अगर आप देश से प्यार नहीं करते तो फिर आप पाकिस्तान जाओ। आप इस देश में रहते हैं और यहां विधायक हैं और राष्ट्रीय गीत गाने से इनकार करते हैं।

## जेल में बंद सांसद की अर्जी पर बंटे जज

# मीलॉर्ड का खंडित फैसला अब 'सीजे' करेंगे सुनवाई



दिल्ली हाईकोर्ट।

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली हाई कोर्ट के 2जजों की पीठ शुक्रवार को तब आपस में बंट गई, जब जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस कारण पीठ ने उस मामले में खंडित फैसला सुनाया। दरअसल, सांसद ने अपनी याचिका में उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग 4 लाख रुपए जमा करने को कहा गया था।

### खर्च के वहन करने पर दी अलग-अलग राय

सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक चौधरी ने जहां सांसद राशिद की याचिका खारिज कर दी, वहीं जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने इसे स्वीकार कर लिया। राशिद ने संसद सत्र में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार को उनकी यात्रा का खर्च वहन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस पर जस्टिस भंभानी का कहना है कि सरकार को सांसद राशिद की यात्रा का खर्च वहन करना चाहिए, जबकि जस्टिस चौधरी का कहना है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

### हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए

अब यह मामला हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय के समक्ष रखा जाएगा। दोनों न्यायाधीशों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए हैं। हमने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं। उचित आदेश के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। जस्टिस चौधरी ने कहा कि मेरे भाई (जे भंभानी) ने आवेदन स्वीकार कर लिया है। मैंने इसे अस्वीकार कर दिया।

### टेरर फंडिंग में फंसे राशिद



राशिद आतंकी वित्त पोषण के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी समूहों को वित्त पोषण किया है। वर्ष 2017 के आतंकी वित्त पोषण मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पिछले साल सितंबर में उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी।

## आईजीआई पर तकनीकी समस्या

# यहां मैसेज स्विचिंग सिस्टम खराब, 300 उड़ानों में देरी



इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट।

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। इससे करीब 300 उड़ानों में देरी हो गई। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है।

### मुंबई में भी दिखा असर

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया, दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

## बिहार चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# सजा का खुलासा नहीं करने पर रद्द की जाएगी उम्मीदवारी

### कोर्ट बोला- भले ही वह सजा मामूली हो और हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नामांकन पत्र में अपनी किसी भी आपराधिक सजा का खुलासा न करने पर, भले ही वह सजा मामूली हो और बाद में हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यह फैसला बिहार विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जो राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

विशेष अनुमति याचिका खारिज की



भारत का सर्वोच्च न्यायालय।

### कोर्ट ने इस मामले में सुनाया फैसला

यह फैसला मध्य प्रदेश के भीकनगांव से नगर पार्षद पूनम के मामले में आया है। पूनम पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (1881) की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले में ट्रायल कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई थी।

### नामांकन पत्र में नहीं किया सजा का जिक्र

हालांकि, बाद में हाई कोर्ट ने इस सजा को पलट दिया, लेकिन पूनम ने नामांकन पत्र में इस सजा का जिक्र नहीं किया। निचली अदालतों ने उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

### यह बोले जज

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए कहा कि नामांकन पत्र में दोषसिद्धि का खुलासा न करना मतदाताओं के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। रद्द सजा का मतलब यह नहीं कि इसे छिपाने का अधिकार है।

### हलफनामे में दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य

इसके साथ ही कोर्ट ने जोर दिया कि चुनावी हलफनामे में सभी पुरानी दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य है, चाहे अपराध छोटा हो या सजा बाद में उलट दी गई हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी न देना अनुचित प्रभाव डालता है, जो मतदाताओं के अधिकारों में बाधा बनता है। पूनम ने मध्य प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 24-ए (1) का पालन नहीं किया, जिसमें नामांकन पत्र में आपराधिक सजा का खुलासा अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि पूनम ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत सजा को छिपाकर महत्वपूर्ण जानकारी दबाई।

## केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए अंतिम दौर में, निवेश के अवसरों पर बातचीत का चौथा राउंड

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका से साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर आगे बढ़ रहा है। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित एफटीए के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

### बढ़ रहा व्यापार का दायरा

*भारतीयों के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया*

*संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करेंगे*

*चौथी बैठक वस्तु बाजार पहुंच सेवाओं, आर्थिक अवसरों पर केंद्रित*



न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ पीयूष गोयल

*अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मंत्री गोयल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करने के लिए उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें भी कीं। उन्होंने कहा कि एफटीए पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद जताई कि एफटीए को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू की गई थी।*



पीयूष गोयल ने बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल का बगीचा देखा

### दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध

*मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के व्यापार प्रमुखों के साथ बैठकें करना और इवेंट्स में भाग लेना मजबूत दोनों देशों के मध्य गहरे नागरिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। मैंने नरोटोरुआ में भारतीय कम्युनिटी को संबोधित किया, मेरे साथ मेरे समकक्ष टॉड मैक्क्ले भी मौजूद थे। इन भारतीय लोगों के अपनेपन, गर्व और देश के साथ उनके गहरे जुड़ाव ने दिल को छू लिया। उन्होंने भारतीय समुदाय से उनकी विशेषज्ञता और अनुभव के जरिए देश की विकसित भारत यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया।*

**द्विपक्षीय व्यापार 11523 करोड़ रुपए रहा**

*वित वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार 1.3 अरब डॉलर (करीब 11523 करोड़ रुपए) रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क मात्र 2.3 प्रतिशत है। बता दें, एफटीए में, दो देश अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। ये वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।*

### कीवी के बाग का किया दौरा

# भारतीय किसान से गुणवत्ता पर की चर्चा

पीयूष गोयल ने कीवी फल के बगीचे का दौरा किया, जहां भारतीय कीवी किसानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैकक्ले के साथ के साथ बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल के बगीचे का बहुत अच्छा दौरा रहा। मैं कीवी के भारतीय किसानों और बागवानों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया। साथ ही, यह मेरे लिए एक जानकारी भरा भ्रमण रहा। हमने बगीचे की वैरायटी, गुणवत्ता, खेती के तरीकों और टिकाऊ कोशिशों पर एक सफल बातचीत की। साथ ही उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने की कोशिशों के बारे में भी बेहद कीमती जानकारी मिली।

## यूपी में अब शिक्षकों की उपस्थिति के लिए बनी समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगा निर्णय

लखनऊ। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक नई समिति बनाई गई है। यह कदम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उठाया गया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को हुई बैठक में समिति बनाने का निर्णय हुआ था। समिति की अध्यक्षता बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव करेंगे। इसमें स्कूल शिक्षा महानिदेशक, समाज कल्याण निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक और शिक्षा निदेशक (बेसिक) सदस्य रहेंगे। इसके साथ ही शिक्षाविद् अशोक गांगुली और छह जिलों के शिक्षक भी शामिल किए गए हैं। समिति का काम स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उपाय सुझाना है। समिति को 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। माना जा रहा है कि रिपोर्ट आने के बाद शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी प्रणाली लागू हो सकती है।

# उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार-2025 अध्यादेश लागू, औद्योगिक अपराधों पर अब सजा नहीं सिर्फ जुर्माना, निवेशकों को राहत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राज्य में अब औद्योगिक अपराधों पर उद्यमियों को दी जाने वाली कारावास की सजा समाप्त कर दी गई है। इसके लिए औद्योगिक अपराधों से जुड़े 10 कानूनों में संशोधन कर सरकार ने उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रविधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025 जारी कर दिया है। इसके तहत अब 90 प्रतिशत तक औद्योगिक अपराधों पर सजा को समाप्त कर जुमार्ने का प्रविधान किया गया है। हर तीन वर्ष में जुमार्ने की राशि में 10 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी की जाएगी। प्रमुख सचिव विधायी जेपी सिंह ने शुक्रवार को इस अध्यादेश को जारी किया है। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ईज आफ डुइंग बिजनेस (कारोबार में सुगमता) नीति तैयार की है। इस नीति के तहत निवेशकों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने इस संदर्भ में निवेशकों की राय लेकर सरकार को 10 प्रकार के कानून में संशोधन का सुझाव दिया था, जिसे पिछले दिनों स्वीकृति दी गई थी।

शुक्रवार को जारी अध्यादेश के अनुसार उत्तर प्रदेश भू-जल प्रबंधन एवं विनियमन अधिनियम 2019 में कारावास के प्रविधान को समाप्त कर दो से पांच लाख रुपये तक के जुमार्ने की व्यवस्था की गई है। पहली बार अधिनियम के उल्लंघन पर अधिकतम पांच लाख और दूसरी बार उल्लंघन पर 10 लाख तक का जुमार्ना वसूला जाएगा। साथ ही संबंधित औद्योगिक ईकाई का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निरस्त कर दिया जाएगा। वहीं, उत्तर प्रदेश गन्ना (आपूर्ति एवं क्रय का विनियमन) अधिनियम के उल्लंघन पर छह माह की सजा के प्रविधान को समाप्त कर दो लाख रुपये तक जुमार्ने की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश सिनेमा (विनियमन) अधिनियम 1955 में और उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 के उल्लंघन पर एक माह की सजा को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही आबादी के आधार पर जुमार्ने की राशि निर्धारित की गई है। पांच लाख की आबादी पर एक लाख का जुमार्ना और 10 लाख से अधिक की आबादी पर पांच लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रविधान किया गया है।

अध्यादेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम के उल्लंघन पर भी कारावास की सजा को समाप्त कर दिया गया है। वहीं जुमार्ने की राशि 20 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है। उत्तर प्रदेश मादक पान (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम में भी सजा को समाप्त कर 75 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाने का प्रविधान किया गया है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम में भी कारावास को समाप्त कर 25 हजार रुपये तक के जुमार्ने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम में छह माह की कारावास को समाप्त कर दिया गया है। जुमार्ने की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दी गई है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत भूमि से संबंधित भ्रामक सूचना देने पर दो लाख रुपये तक जुमार्ना लेने का प्रविधान किया गया है। उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम के उल्लंघन पर बिना वारंट गिरफ्तारी और तीन माह के कारावास के प्रविधान को समाप्त कर दिया गया है। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर 75 हजार रुपये जुमार्ना लगाया जाएगा।

# केंद्रीय टीम को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के इलाज में मिली कमियां, कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अभाव

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। केंद्र सरकार की 17वें कामन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम ने मुजफ्फर नगर और बलरामपुर में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के इलाज, उच्च जोखिम गर्भावस्था की सुविधाओं में कमी मिली है। दोनों जिलों में ट्रामा सेंटर पर डाक्टरों की कमी सहित अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर जरूरत के अनुसार मानव संसाधन भी नहीं मिला है। सीआरएम की टीम ने जरूरी के अनुसार मानव संसाधन की तैनाती पर ध्यान देने की सलाह दी है। टीम का नेतृत्व कर रहे स्वास्थ्य मंत्रालय के अपर निदेशक क्षय रोग डा. रघुराम राव शुक्रवार को मुजफ्फर नगर और बलरामपुर की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट पेश कर रहे थे। डा.रघुराम ने बताया कि उनकी 12 सदस्यीय टीम ने एक से पांच नवंबर तक बलरामपुर की 14 और मुजफ्फर नगर की 19 स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण किया। इसमें जिला अस्पताल से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर और ड्रग वेयर हाउस शामिल थे। उन्होंने दोनों जिलों में कुपोषित बच्चों के इलाज की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत बताई। आनलाइन इलाज की सुविधा वाले ई-संजीवनी एप की सराहना की, लेकिन इंटरनेट की सुविधा को दुरुस्त करने की सलाह दी। मुजफ्फर नगर में पीएचसी-सीचसी पर सफाई व्यवस्था, दवाओं के रखरखाव में कमी को सुधारने के लिए कहा। बलरामपुर सीएचसी पर टीम को पैथोलाजी जांच के उपकरण मिले, लेकिन उनका इस्तेमाल होता नहीं पाया गया। टीम को बलरामपुर जिला महिला अस्पताल में प्रसूति सेवाएं दुरुस्त मिली। तीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस जरूरी उपकरणों के साथ उपलब्धता की उन्होंने सराहना की है। इस मौके पर मौजूद चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने केंद्रीय टीम की रिपोर्ट के आधार पर दोनों जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के निर्देश अधिकारियों को दिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक पिंकी जोवल ने कहा कि केंद्रीय टीम के निरीक्षण में मिली कमियों के आधार पूरे प्रदेश के लिए एक चेक लिस्ट बनाई जाएगी। इससे सभी जिलों की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया जा सकेगा। उन्होंने आनलाइन भुगतान की प्रणाली एसएनए स्पर्श के कारण वेतन, प्रोत्साहन राशि के भुगतान में दिक्कतों की जानकारी भी दी। साथ ही एनएचएम के बजट को बढ़ाने का अनुरोध केंद्रीय टीम से किया।

# नवंबर से आगे खिसक सकता है जीबीसी-5 का आयोजन

**यूपी में पांच लाख करोड़ का निवेश लक्ष्य**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 का आयोजन आगे खिसक सकता है। औद्योगिक विकास विभाग ने जीबीसी के लिए 21 से 30 नवंबर तक आरक्षित किए गए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की बुकिंग निरस्त करा दी है। नतीजतन उम्मीद की जा रही है कि जीबीसी का आयोजन किसी दूसरे स्थान या फिर दिसंबर में किया जाएगा। फिलहाल जीबीसी के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अभी तक तिथि नहीं ली जा सकी है। राज्य सरकार ने इस बार जीबीसी में पांच लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों को सौंपी है। इसके लिए सारी तैयारियां की जा रही हैं। सभी जिलों सहित 29 विभागों को लक्ष्य वितरित किए जा चुके हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने प्रधानमंत्री के 23 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित दौरे और इसके बाद अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले दौरे को लेकर जीबीसी के उद्घाटन की तैयारियां की है। विभाग की कोशिश है कि अगर प्रधानमंत्री से समय मिल जाए तो नवंबर के अंतिम सप्ताह में जीबीसी के उद्घाटन के साथ ही पांच लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को लेकर भूमि पूजन करा लिया जाए। इससे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले यह परियोजनाएं संचालित हो जाएंगी और इनमें लाखों लोगों को रोजगार मिल जाएगा। इसीलिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान को 21 से 30 नवंबर तक आरक्षित कराया गया था।

### कराया जा रहा है प्रस्तावों का सत्यापन

इन्वेस्ट यूपी ने जीबीसी के लिए तैयार की जा रही निवेश की परियोजनाओं के प्रस्तावों का सत्यापन का कार्य भी शुरू करा दिया है। अभी तक 2.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों का सत्यापन किया जा चुका है। पिछले वर्ष व्यूनाऊ कंपनी ने राज्य के सभी जिलों में 750 डाटा सेंटर खोलने के लिए 13,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया था। इसी के आधार पर उत्तर प्रदेश में मोटा निवेश करने को लेकर कंपनी के निदेशक सुखविंदर सिंह खरौर ने 150 से ज्यादा निवेशकों से 3500 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की थी, लेकिन इसे निवेश करने की बजाय वह विदेश भागने की कोशिश कर रहा था। ईडी ने सुखविंदर व उसकी पत्नी डिंपल खरौर को निवेशकों की शिकायत पर नई दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस बार इन्वेस्ट यूपी सभी प्रस्तावों को सत्यापित करने के बाद ही जीबीसी में शामिल कर रहा है।

### नोएडा में जीसीसी में एलजी करेगी एक हजार करोड़ का निवेश

एलजी कंपनी वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के क्षेत्र में अभी तक का सबसे बड़ा एक हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एलजी ने इसके लिए नोएडा में 21,329 वर्ग मीटर भूखंड की मांग की है। इस निवेश को लेकर एलजी, इन्वेस्ट यूपी और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच सहमति बन गई है।

# विद्युत संशोधन विधेयक वापस लेने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को पत्र

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआइपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक-2025 पर आपत्तियां भेजी है। एआइपीईएफ ने विधेयक तत्काल वापस लेने की मांग की है। कहा है कि विधेयक का उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जिससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ेंगी। एआइपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा है कि यह विधेयक लागू हुआ तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। बिजली वितरण और उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों को दे दिए जाएंगे। घाटा और सामाजिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाना पड़ेगा। विधेयक बड़े पैमाने पर निजीकरण के लिए बनाया गया है। इससे देश भर में बिजली क्षेत्र में कार्यरत लाखों कार्मिकों की आजीविका खतरे में पड़ेगी। इससे पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और वर्ष 2022 में ऊर्जा मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके थे। विधेयक 2025 का नया मसौदा भी पिछले पांच विधेयकों से मिलता-जुलता ही है।

### निजीकरण का माडल लेकर घूम रहा पावर कारपोरेशन: परिषद

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल किया है कि पावर कारपोरेशन सही मायनों में बिजली के क्षेत्र में सुधार चाहता है या बिजली कंपनियों को उद्योगपतियों को सस्ती दरों पर बेचना चाहता है। बिजली के क्षेत्र में सुधार का अर्थ निजीकरण नहीं होना चाहिए। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि कारपोरेशन एक वर्ष से निजीकरण का माडल लेकर चल रहा है। उसके इस माडल में विद्युत नियामक आयोग ने दर्जनों कमियां निकाली है। सात महीने से अधिक समय बीत जाने पर भी कारपोरेशन इन कमियों पर आयोग को जवाब नहीं दे पा रहा है। परिषद बिजली के क्षेत्र में सुधार के लिए एक व्यावहारिक माडल बनाकर कारपोरेशन को देने के लिए तैयार है तकनीकी दक्षता बढ़ाकर, वितरण हानियां कम कर और जवाबदेही तय करते हुए बिना किसी निजीकरण के इस क्षेत्र में सुधार किया जा सकता है।

# यूपी में शरदकालीन बुवाई के लिए 46 लाख बड पौध तैयार करेगा गन्ना विभाग, गन्ना उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश गन्ना विकास विभाग ने शरदकालीन गन्ना बुवाई वर्ष 2025-26 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। विभाग इस सीजन में 46.1 लाख बड पौध तैयार करेगा और 3.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई का लक्ष्य तय किया गया है। इससे आने वाले वर्षों में स्वस्थ और रोग-मुक्त बीज गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे गन्ना उत्पादकता और चीनी उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी। विभाग के अनुसार, शरदकालीन बुवाई के लिए प्रदेश के 45 गन्ना उत्पादक जिलों को कुल 64,856 क्विंटल अभिजनक बीज गन्ना (ब्रीडर सीड) का आवंटन किया गया है। इसके वितरण के लिए सभी क्षेत्रीय और जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह बीज गन्ना उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के शोध क्षेत्रों, निजी और सहकारी चीनी मिल फार्मों पर तैयार किया गया है। सभी किसानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने जिले के जिला गन्ना अधिकारी या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क कर बीज प्राप्त करें। शरदकालीन बुवाई के लिए प्रदेश के परिक्षेत्रों को बीज गन्ने का यह आवंटन किया गया है। इसमें सहारनपुर को 5147, मेरठ को 5751, मुरादाबाद को 8319 , बरेली को 11579, लखनऊ को 16652, अयोध्या को 1892 , देवीपाटन को 5925, गोरखपुर को 5053 और देवरिया को 4538 क्विंटल अभिजनक बीज गन्ना दिया गया है। नई गन्ना किस्मों को.लख. 16202 और को.शा. 18231 की सिंगल बड विधि से बुवाई के लिए भी परिक्षेत्रवार पौध का आवंटन किया गया है। विभाग के अनुसार इन बीजों से त्रिस्तरीय बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत किसानों के खेतों पर आधार पौधशालाएं विकसित की जाएंगी।

# मुतवल्लियों को वक्फ बोर्ड की वेबसाइट से मिल जाएगा संपत्तियों का विवरण

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। मुतवल्लियों को वक्फ संपत्तियों की जानकारी लेने के लिए अब जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और वक्फ बोर्ड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें वक्फ का नाम, उसका नंबर, हैसियत, क्षेत्रफल आदि की जानकारी घर बैठे मिल जाएगी। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों की पंजीकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर अवकाफ की जानकारी अपलोड की है। वहीं, शिया वक्फ बोर्ड मुतवल्लियों को ई-मेल के जरिये यह जानकारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की प्रदेश में 1.26 लाख तथा शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 7785 वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं। वक्फ संशोधन कानून 2025 लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने उम्मीद पोर्टल पर पांच दिसंबर तक सभी वक्फ संपत्तियों के रिकार्ड फीड करना अनिवार्य किया है। पोर्टल की खामियों और वर्षों पुराने दस्तावेजों की जानकारी न मिल पाने की वजह से पंजीकरण की रफ्तार सुस्त चल रही है। पांच माह में महज डेढ़ प्रतिशत संपत्तियां ही दर्ज हो सकी हैं। सुन्नी वक्फ बोर्ड ने अब वेबसाइट पर जिलावार वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड कर दी है। मुतवल्लियों को अब इसके लिए दौड़ नहीं लगाना पड़ेगा। वेबसाइट पर 1986 से लेकर 1989 तक जारी हुए गजट नोटिफिकेशन भी अपलोड हैं।

# आयुष्मान योजना में अस्पतालों को दिए 3540 करोड़ रुपये

**9.54 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को मरीजों के इलाज के भुगतान के रूप में जनवरी 2025 से अब तक 3540 करोड़ रुपये दिया गया है। जून में स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के खातों से 9.54 करोड़ रुपये निकालने का मामला सामने आया था। इसके बाद से भुगतान प्रणाली को सुरक्षित करने में नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए) और साचीज की टीम जुटी थी। जून 2025 में साचीज की भुगतान प्रणाली में सेंध लगाकर 9.54 करोड़ रुपये कई खातों में भेज दिए गए थे। इसमें 11 जिलों के 39 अस्पतालों की मिलीभगत पाई गई थी। इस मामले के सामने आने के बाद अस्पतालों से रुपया वापस लिया गया। साथ ही सभी की संबद्धता रद कर दी गई थी। इसके बाद से ही साचीज अपनी भुगतान प्रणाली को सुधारने में जुटा था। अब अस्पतालों के दावों की कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) आधारित साफ्टवेयर से जांच की जाती है। इसके बाद दो स्तरों पर अनुमोदन के बाद ही भुगतान किया जाता है। इसके अलावा भुगतान प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए इलाज के दावे के दस्तावेजों के साथ मरीज और डाक्टर की फोटो लगाना अनिवार्य किया गया है। इन अस्पतालों को लाभार्थियों के इलाज से संबंधित दावों की आनलाइन जांच व भुगतान की सुविधा दी गई है। आयुष्मान भारत योजना से प्रदेश के 5901 सरकारी व निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं।

# तिलन में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से गूंजा भक्ति का माहौल

**आचार्य प्रेम जी महाराज की मधुर वाणी ने किया जनमानस का आलोकित**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद के तिलन गांव में इन दिनों अध्यात्म और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। अयोध्या धाम से पधारे आचार्य प्रेम जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उनकी सरल, भक्तिमय एवं भावपूर्ण वाणी श्रोताओं के हृदय में भक्ति का संचार कर रही है, जिससे पूरे गाँव में आध्यात्मिक उत्साह का विशेष वातावरण बना हुआ है।

आचार्य प्रेम जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस पर श्रीमद् भागवत महापुराण के जीवन दर्शन और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'भागवत कथा मनुष्य जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है, जो व्यक्ति को सांसारिक मोह से परे ईश्वर भक्ति की ओर प्रेरित करता है।' यह भव्य आयोजन ग्राम तिलन निवासी हरे राम सिंह द्वारा कई वर्षों से निरंतर कराया जा रहा है, जिससे गाँव में धार्मिक परंपरा को बल मिला है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह (तिलन), सौरभ सिंह, गौरव सिंह, आर्यन सिंह, श्लोक सिंह, अभिषेक सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुंदरम पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में कथा की गूंज से भक्ति और आनंद का वातावरण व्याप्त है।

# सरकारी विभाग भी समय से नहीं कर रहे बिजली के बिलों का भुगतान, पावर कॉरपोरेशन पर वित्तीय संकट

**विलंब से बिल भुगतान करने पर विभागों को भी देना होगा लेट पेमेंट सरचार्ज**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आम उपभोक्ता ही नहीं कई सरकारी विभाग व संस्थाएं भी समय से बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर रही हैं। वित्तीय संकट से जूझ रहे पावर कारपोरेशन प्रबंधन का कहना है कि समय से बिल का भुगतान न होने पर उसे बिजली खरीदने के लिए 10 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर लोन लेकर बिजली उत्पादकों को भुगतान करना पड़ता है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बिलों के भुगतान में हीलाहवाली पर कड़ा रुख दिखाते हुए सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि समय से ही बिजली के बिल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था बजट में की जाए। स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि विलंब से बिल के भुगतान पर विभागों को भी अनिवार्य रूप से लेट पेमेंट सरचार्ज देना ही होगा। पंचायती राज विभाग के तहत ग्रामीण स्थानीय निकायों, जल संस्थानों, जल निगम आदि सहित कई अन्य विभाग बार-बार कहने पर भी बिजली कंपनियों को समय से बिल का भुगतान नहीं कर रही हैं। विलंब से भुगतान करने की दशा में दो प्रतिशत तक अतिरिक्त सरचार्ज को समाप्त करने की मांग करती हैं जबकि नियम-कानून के तहत सरचार्ज को यूं ही माफ करने की व्यवस्था नहीं है। इससे विभिन्न विभागों व संस्थाओं पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का बिजली का बिल बकाया है। भारी-भरकम बकाए के भुगतान के लिए अब मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव को निर्देश दिए हैं कि समय से बिजली के बिल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि बिल पर सरचार्ज लगने से बचा जा सके।

# बीमारी के चलते महिला ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीमारी और मानसिक अवसाद से पीड़ित एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मीठे नगर निवासी पवन कुमार की पत्नी साधना (34) पिछले करीब दो वर्षों से अवसाद (डिप्रेशन) की बीमारी से जूझ रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे साधना ने घर के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने यह दृश्य देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। मृतका का इलाज लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में चल रहा था। परिवार में दो बेटियां निशी, श्रेया और एक बेटा ध्रुव है, जो अपनी मां की मौत से गहरे सदमे में हैं। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि महिला ने मानसिक अवसाद के चलते आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है।

# चोरों ने उड़ाए दो ट्यूबवेलों के बिजली के तार, किसानों में रोष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात अज्ञात चोरों ने दो ट्यूबवेलों से जुड़े करीब दस बिजली के पोलों के तार काट ले गए। घटना से किसानों में आक्रोश और भय दोनों व्याप्त है। रहीमाबाद क्षेत्र के तेरवा निवासी हीरालाल गांव के पास स्थित ट्यूबवेल पर दिहाड़ी पर रखवाली करते हैं। गुरुवार की रात चोरों ने उनके ट्यूबवेल से जुड़े चार पोलों के तार काट डाले। वहीं, उसी गांव के मुन्ना सिंह के ट्यूबवेल से जुड़े छह पोलों पर लगी एबीसी लाइन भी चोरों ने उखाड़ दी। दोनों किसानों ने घटना की शिकायत रहीमाबाद थाने और विद्युत उपकेंद्र रहीमाबाद पर दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं लेसा के जेई पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि माल क्षेत्र में भी बिजली के तार चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लाइनमैनों और ग्रामीणों को सतर्क रहना होगा, ताकि ऐसे गिरोहों पर अंकुश लगाया जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बिजली तार चोरी से कृषि कार्य ठप हो रहे हैं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पुलिस से ग्रामीणों ने इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# लखनऊ में इस जगह बनेगा 2300 मीटर लंबा फोरलेन फ्लाईओवर

लखनऊ। हजरतगंज से शहीद पथ आना-जाना अब आसान हो सकेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण लामार्टीनियर कॉलेज से जी-20 रोड तक 2300 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाएगा। ग्रीन कॉरिडोर के तहत लगभग 315 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फ्लाईओवर के लिए एलडीए ने टेंडर जारी कर दिया है। राजधानी की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ग्रीन कारिडोर का निर्माण करा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण में आइआइएम रोड से पक्का पुल तक बंधा चौड़ीकरण, फोर-लेन सड़क निर्माण व फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा चुका है। वहीं, दूसरे चरण में पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक बंधा चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, फ्लाईओवर कम आरओबी आदि का

## संक्षेप

### खाद के लिए किसान परेशान, लगाए समिति कर्मचारियों पर मनमानी करने के आरोप

बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लॉक के साईंपुर सगौड़ा स्थित सहकारी समिति पर 7 नवंबर को डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। किसानों ने सुबह से शाम तक करीब 10 घंटे तक इंतजार किया, लेकिन खाद नहीं मिल सकी। किसानों ने दुखी मन को देख हर कोई चकित रह गया और समिति कर्मचारियों पर खाद वितरण में मनमानी के आरोप लगाए ।यही सचिव सबकुछ जानकार अंजान बन रहे है ।खाद बाटने वाला शख्स बोरी पर कुछ अधिक रुपए लेकर वितरण कर रहा है ऐसा किसानों का मानना है। किसानों ने बताया कि वे सुबह जल्दी आकर कतार में लग गए, लेकिन शाम तक उन्हें खाद नहीं मिली। समिति के सचिव किसानों को यह कहकर टहलाते रहते हैं कि वे उनकी समिति के सदस्य नहीं हैं, इसलिए उन्हें यहां से खाद नहीं मिल सकती। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से उनकी आलू की बुवाई नहीं हो पा रही। अगर बुवाई ज्यादा लेट हुई तो आलू की पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा। वे सुबह से घर के सभी कामकाज छोड़कर समिति पर आकर कतार में लगते हैं और शाम को उन्हें खाली हाथ लौट जाना पड़ता है। सचिव देवेश चंद्र शुक्ला का कहना है कि सभी को नियमानुसार खाद दिया जा रहा है। किसान जो आरोप लगा रहे हैं, वे गलत हैं। सुबह 8 बजे खाद लेने के लिए सहकारी समिति पर पहुंच गए थे, लेकिन देर शाम तक कतार में लगने के बावजूद खाद नहीं मिली, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फसल की बुवाई लेट हो रही है।- रामेश्वर,रामदास,सुजीत, राजेन्द्र प्रसाद आदि किसानों को आलू की बुवाई के लिए खाद की सख्त जरूरत है। सचिव ने खतौनी तो जमा करा ली है, लेकिन आज खाद नहीं मिली। कल फिर आने के लिए कहा गया है। पता नहीं कब तक चक्कर लगाने पड़ेंगे. ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है.सरकार के मुलाजिम मनमानी के तौर पर समिति खोलते और बंद करते हैं ।इस पूरी समिति को शमीम नमक व्यक्ति चला रहा है ।पद क्या है किसी को नहीं पता किन्तु खाद वितरण करने वाला मुखिया बताया जा रहा है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर गड्ढे में पलटा चालक, हुई मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पुरवा पाटन मार्ग पर थाना क्षेत्र के पनहन के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में चला गया। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई ।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मिली जानकारी के मुताबिक जनपद हरदोई के थाना माधवगंज क्षेत्र के मुडियाखेडा गांव निवासी कृष्णा पुत्र बलराम गुरुवार शाम लखनऊ से सोनालिका का नया ट्रैक्टर लेकर बांदा जा रहा था। तभी बिहार थाना क्षेत्र के पनहन अंडर पास के पहुंचा ही था कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में चला गया। ट्रैक्टर के नीचे ही दबने से उसकी मौत हो गई। पाटन चौकी इंचार्ज नरेन्द्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लुट व चोरी का पुलिस ने किया खुलासा ,6 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत दो बड़ी आपराधिक वारदातों का खुलासा किया है। बेहटामुजावर और सोहरामऊ थाना पुलिस, स्वाट तथा सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयासों से लूट और चोरी की इन घटनाओं में कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 3 लाख 60 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पहला मामला थाना बेहटामुजावर क्षेत्र का है।5 नवंबर को हरदोई के व्यापारी महेंद्र से ग्राम ढोलौवा के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर 78,800 रुपए की लूट हुई थी। व्यापारी गल्ला बेचकर लौट रहा था, तभी तीन बदमाशों ने उसका वाहन रोककर पैसे छीन लिए और आर्टिका कार से फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर ही चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में निर्मल, दीपक, नंदलाल उर्फ नंदू और रूपेश वर्मा शामिल हैं। रूपेश वर्मा ड्राइवर था, जिसने व्यापारी की गाड़ी चलाते समय अपने साथियों को सूचना दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लूटे गए 58,200 रुपए बरामद किए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वारदात को रूपेश की योजना के तहत अंजाम दिया गया था। घटना में प्रयुक्त आर्टिका कार को भी धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। दूसरी सफलता थाना सोहरामऊ पुलिस को मिली। 3 नवंबर को कुसहरी स्थित अल्फा पेट्रोल पंप पर तिजोरी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी चुरा ली थी। मैनेजर सुजीत कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने स्वाट और सर्विलांस की मदद से इस घटना का खुलासा किया। पुलिस ने अभियुक्त नीरज, निवासी ग्राम भौली, थाना अजगैन को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी के 3.2 लाख रुपए, एक छैनी, लोहे की हथौड़ी, एक जोड़ी जूता और एक ऊनी चादर बरामद की गई। दोनों घटनाओं के खुलासे में स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद सिंह और उनकी टीमों की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करने वाली सभी टीमों की सराहना की है। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रिमांड हेतु भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा से लखनऊ की तरफ जाते समय एक कार बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में घायल तीन लोगों को रेफर कर दिया गया।

हरिशंकर पुत्र सतेंद्र निवासी कस्बा व थाना मनिकापुर जनपद गोंडा अपने ही करीब के निवासी सुनील तिवारी पुत्र रमेश चंद व शिवम पुत्र राजेंद्र तीनो साथी कार द्वारा आगरा से गोंडा जा रहे थे तभी शुक्रवार को सुबह करीब 4 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव देवखरी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मारदी जिससे दुर्घटना का शिकार हुई कार सवार तीनों साथी घायल हो गए जिन्हे यूपीडा टीम के सहयोग से बांगरमऊ अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर होने के चलते उन्हें रेफर कर दिया गया।

## बस्ती से कुछ दूरी पर पहुंचा गंगा नदी का कटान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर घटने के बावजूद उसकी धारा का रुख बदल गया है। यह धारा अब शुक्लागंज क्षेत्र की मिश्रा कॉलोनी बस्ती की ओर बह रही है। इसके कारण बस्ती से मात्र बीस मीटर की दूरी तक कटान पहुंच गया है, जिससे स्थानीय लोग अपने घरों के अस्तित्व को लेकर गंभीर चिंता में हैं। गंगा के तेज बहाव से मिश्रा कॉलोनी के सामने स्थित बालू की टीलेदार सतह तेजी से कट रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जलस्तर कम होने के बावजूद नदी की धारा शुक्लागंज की ओर मुड़ गई है और सीधे इन टीलों से टकरा रही है। इस कारण मिट्टी का क्षरण तेजी से हो रहा है, और कटान अब बस्ती की सीमा तक पहुंचने लगा है। बस्ती में रहने वाले परिवारों को अपने आशियाने उजड़ने का भय सता रहा है। गंगा के इस कटान को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान विशेष सुरक्षा उपाय किए थे। प्रशासन ने मिश्रा कॉलोनी स्थित शिव पंडा घाट से आगे के सभी घाटों पर स्नान पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। खतरे वाले क्षेत्रों में लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए बेरिकेडिंग लगाकर घाटों को बंद कराया गया था। हालांकि, नदी की धारा का लगातार किनारे की ओर बढ़ना अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सुरक्षा दीवार या रेत की बोरियों से बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया, तो कुछ ही दिनों में बस्ती का एक बड़ा हिस्सा गंगा में समा सकता है। कई परिवार एहतियातन अपने घरों का सामान हटाने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है। उन्होंने कहा, "सिंचाई विभाग को तत्काल प्रभाव से कटान रोकने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत जल्द बचाव कार्य शुरू कराया जाएगा।

## पुरानी खुन्नस को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे , तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ठाकुरिया पुरवा गांव में पुरानी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका उपचार जारी है ।यह विवाद शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे शुरू हुआ। पुरानी कहासुनी ने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। संघर्ष में एक पक्ष के दो भाई और उनकी बहन गंभीर रूप से चोटिल हो गए ।घायलों को पहले गांव के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, ठाकुरिया पुरवा निवासी राजेंद्र (40 वर्षीय, पुत्र थन्ना) की बेटी की छठी मनाई जा रही थी ।इसी दौरान पड़ोसी ब्रह्मा, शांति, बसंती, निर्मल और सोहन ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। राजेंद्र के छोटे भाई ऋषि और बहन आशा, जो बीच-बचाव करने आए थे, उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया गया ।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि उन्हें इस संबंध में तहरीर मिली है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की मनाई गई 150वी वर्षगांठ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ, जिसमें विधायक सदर पंकज गुप्ता, नगर पालिका परिषद उन्नाव की चेयरमैन, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और रिक्रूट आरक्षियों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम" गीत का गायन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एसपी जयप्रकाश सिंह और एएसपी अखिलेश सिंह ने किया। इसी दौरान, पुलिस लाइन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में "वंदे मातरम्" गीत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा बताया और कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत रहा है। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि "वंदे मातरम्" भारत माता के प्रति आस्था और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। नगर पालिका चेयरमैन ने भी राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत दोनों संविधान और संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को इतिहास और मूल्यों से जोड़ा जाए। पुलिस लाइन परिसर को तिरंगे झंडों से सजाया गया था। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति और सामूहिक जयघोष "वंदे मातरम्" के साथ समारोह का समापन हुआ।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन शिक्षक निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अमिता सिंह ने तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही, दो शिक्षामित्रों का मानदेय अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। यह कार्रवाई सफीपुर और मियागंज क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में रुचि न लेने के कारण की गई है। वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली और वर्तमान नामावली की मैपिंग से संबंधित एसआईआर कार्य के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। निलंबित किए गए शिक्षकों में सफीपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक चंद्रभूषण, प्राथमिक विद्यालय अतहा की सहायक अध्यापक नेहा गुप्ता और प्राथमिक विद्यालय केशवपुर मियागंज के सहायक अध्यापक गोविंद गोपाल शामिल हैं। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालय नौबतपुर की शिक्षामित्र शिवकांति और कंपोजिट विद्यालय बड़कादेव की शिक्षामित्र सुमन देवी का मानदेय रोका गया है। एसडीएम सफीपुर की शिकायत के अनुसार, इन शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने निर्वाचन कार्य में रुचि नहीं ली और ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बीएसए अमिता सिंह ने तत्काल कार्रवाई की। निलंबन अवधि के दौरान चंद्रभूषण और नेहा गुप्ता को सफीपुर बीआरसी तथा गोविंद गोपाल को मियागंज बीआरसी से संबद्ध किया गया है। आरोपों की जांच के लिए तीनों शिक्षकों के मामलों को अलग-अलग खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा गया है।

## मृतक तीन सगे भाइयों के परिजनो को सांत्वना देने पहुंचे कई जनप्रतिनिधि

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हिलौली बीते मंगलवार को शाम लगभग 09 बजे अकोहरी मजरा बखत खेड़ा के रहने वाले अरुण, सचिन व छोटू तीनों सगे भाई बक्सर स्थित गंगा स्नान के लिए निकले थे। बिहार थाना क्षेत्र के एक्सप्रेसवे पर अज्ञात लोडर की टक्कर से भयानक दर्दनाक सड़क हादसे में तीनों भाइयों की मौत हो गई। खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया व क्षेत्र में मातम सा फैल गया। क्षेत्रीय पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम भेजने के बाद बुधवार की शाम लगभग 06 बजे प्रशासन ने परिजनों को तीनों शवो को सौंप दिया। जानकारी मिलते हैं तत्काल मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह ने क्षेत्रीय तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी को परिजनों के नाम पर 03 बीघा जमीन देने के लिए कहा। और आर्थिक मदद में 01 लाख की चेक देकर आगे भीमदद का भरोषा दिया। पूर्व विधायक उदयराज यादव, समाजसेवी उत्तम चंद्र लोधी ने परिवार को सांत्वना दिया। वृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे गांव के ही खेत में तीनों भाइयों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद जनप्रतिनिधियों का ताता लगना शुरू हो गया। अंतिम संस्कार के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी, सपा नेता सी. एल. यादव, भाजपा के सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, समाजसेवी पवन मिश्रा, समाजसेवी संजय शुक्ला एवं शुक्रवार को मौरावां नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ ने पहुंच कर परिवार को 50 हजार का चेक देकर आर्थिक मदद किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव, हड़हा विधानसभा के पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी में पहुंचकर 01 लाख की चेक देकर आर्थिक मदद का भरोषा दिलाया। रायबरेली जनपद के हरचंदपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के विधायक राहुल शिव गणेश लोधी के साथ सपा के क्षेत्रीय पूर्व विधायक उदयराज यादव ने पहुँचकर आर्थिक मदद की। अखिल भारतीय लोधी महासभा रायबरेली जिलाध्यक्ष रामबरन लोधी, समाजसेवी रामबाबू लोधी इस पूरे घटना क्रम पर पीड़ित परिवार के साथ रहें। जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के बखत खेड़ा गांव में 4 नवंबर की रात एक सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों की मृत्यु हो गई। गंगा स्नान के लिए जा रहे इन भाइयों की मौत की खबर से गांव में मातम छा गया। मृतकों की पहचान अरुण (26), सचिन (20) और छोटू (17) के रूप में हुई है। ये तीनों स्वर्गीय रघुनाथ लोधी की पत्नी कैलासा उर्फ गंगा देई के पुत्र थे। अरुण की शादी एक साल पहले हुई थी और उनकी पत्नी क्षमा आठ माह की गर्भवती हैं। परिवार कच्चे मकान में गुजर-बसर करता है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी की ओर से आगे भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बात कर परिवार को आवास दिलाने का भी वादा किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भाजपा सरकार से मृतक की पत्नी और माता के भरण-पोषण के लिए तीन बीघा जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान उनके साथ सीएल यादव, सुंदर लाल लोधी, सपा के पूर्व विधायक अभिषेक यादव, जिला पंचायत सदस्य अंकित यादव और रामकिशन लोधी सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। जिसे चिकित्सक ने सीएचसी से उपचार के बाद घर भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज निवासी सुधीर (30) पुत्र राधे और उसकी पत्नी बिटोल गुरुवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दरबारी खेड़ा निवासी रिश्तेदार के घर आए थे। शुक्रवार सुबह दरबारीखेड़ा निवासी वीरेंद्र (25) पुत्र हरिनाम के साथ सुधीर कुछ सामान लेने बाइक से जा रहा था। गांव के पास ही अचानक सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही सुधीर मामूली रूप से चोटहिल हो गया। जिसे एंबुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक का विवाह तीन वर्ष पहले बिटाना के साथ हुआ था। जिसकी एक वर्ष की बेटी रोहनी है। पत्नी बिटाना समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की अस्पताल में हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर निवासी प्रताप की 32 वर्षीय पत्नी की जिला चिकित्सालय में इलाज दौरान मौत हो गयी ।अस्पताल व परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। सुमेरपुर बस स्टॉप में प०बंगाल राज्य के निवासी प्रताप कुमार डॉक्टरी का कार्य करते है। उनकी पत्नी प्रियंका की गुरुवार सुबह अचानक तबियत खराब हो गयी पति सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहा हालात चिंताजनक देखते हुए जिला अस्तपताल भेज दिया गया ।इलाज के दौरान प्रियंका की मौत हो गयी। मायके पक्ष वालो ने हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम की मांग की ।एस आई रेखा दुबे ने पोस्टमार्टम को भेजा है दिया। दिवंगत का परिवार करीब 20 वर्षों से सुमेरपर में रहता है ।दिवंगत की एक 12 वर्षीय पुत्री पीहू व 5 वर्षीय पुत्र देवायन है।

## तीन महीने पुराने हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार, खुली साजिश की परतें

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के सिंघनापुर गांव में हुए राजेश उर्फ कल्लू हत्याकांड का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पत्नी और बेटी को पहले ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि अब हत्या की साजिश रचने वाले तीसरे आरोपी को भी दबोच लिया गया है। घटना 21 अगस्त 2025 की है, जब सिंघनापुर निवासी राजेश उर्फ कल्लू (46) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जिसमें गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। मृतक के ममेरे भाई संतोष बाबू की तहरीर पर मृतक की पत्नी कामिनी और पुत्री काजल के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में दोनों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि पारिवारिक विवाद और आपसी मनमुटाव के चलते उन्होंने साड़ी से गला दबाकर राजेश की हत्या कर दी थी। जांच के दौरान हत्या की साजिश में शामिल एक अन्य व्यक्ति राम सुमेर पुत्र सुखलाल निवासी सिंघनापुर का नाम प्रकाश में आया ।पुलिस ने गुरुवार की शाम उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ जनपद के ढेडेमऊ गांव निवासी शिवम पुत्र रुदान सिंह तीन वर्षों से समदपुर भावा गांव निवासी पवन सिंह की मार्केट में किराए पर मोबाइल रिपेरिंग की दुकान चला कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था प्रतिदिन की तरह बीती देर रात दुकान बंद कर घर जा रहा था अभी यहां दुकान से 300 मीटर दूर मोहान औरास मार्ग समदपुर भावा गांव के पास पहुंचा ही था कि सड़क पर लगे विद्युत पोल से बाइक अन्यंत्रित होकर टकरा गई जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई ।मौत की सूचना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि

## सामुदायिक शौचालय चढ़ा लापरवाही की भेंट

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाया गया सामुदायिक शौचालय लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है सरकार की मंशा के विपरीत बिना उपयोग के ही यह दुर्दशा का शिकार बना हुआ है वर्षों से उपयोग ना होने से इसमें भीषण गंदगी व्याप्त है जिससे स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगता दिख रहा है।




विकास खंड गंज मुरादाबाद की ग्राम पंचायत भिक्खन पुर गोपालपुर में बनवाया गया सामुदायिक शौचालय लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है वर्षों से इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है जिससे इसमें भीषण गंदगी ने पैर पसार रखे है जिससे इस भवन के अंदर जाने से भी लोग कतराते है कहा जा रहा है ग्राम पंचायत के जिम्मेदार व इसके केयरटेकर की मिलीभगत से संचालन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे सरकार की मंशानुरूप ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है चर्चा के अनुसार गांव के जिम्मेदार रसूख का रौब दिखाकर कार्यों में लापरवाही बरतते है।

## टायर फटने से ट्रेलर में लगी आग घंटों मार्ग पर लगा रहा लंबा जाम

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। टायर फटने के दौरान आग लगने से एक ट्रेलर धू धूकर जल गया इस दौरान ट्रैफिक रुकने से करीब 15 किलोमीटर तक जाम लग गया आनन फानन में रेस्क्यू टीम द्वारा इमर्जेंसी वैकल्पिक मार्ग खोलकर आवागमन चालू कर व्यस्था बहाल कराई गई इस घटना से कई घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

चालक शंकर पुत्र रामरतन निवासी बरना थाना किशनगढ़ जनपद अजमेर राजस्थान एक ट्रेलर में पत्थर लोडकर अपने गृह जनपद से नेपाल जा रहा था तभी शुक्रवार सुबह पहर रात करीब 2 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव नसिरापुर के निकट हवाई पट्टी पर वाहन का पिछला टायर फट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर आडा होकर मुख्य मार्ग पर रुक गया इसी दौरान अचानक ट्रक के पिछले हिस्से में आग लग गई यह भयानक दृश्य देखकर चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई किंतु देखते ही देखते ट्रक का पिछला हिस्सा आग का गोला बन गया जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया ।वही मौके पर पहुंची यूपीडा टीम रेस्क्यू में जुट गई इस दौरान पीछे से आने वाले वाहनों की कतार लगती गई तथा देखते देखते गंगा नदी पुल तक करीब 15 किलोमीटर के दायरे में वाहनों की कतार लग गई ।जिससे सकते में आए यूपीडा कर्मियों ने हवाई पट्टी के पश्चिमी व पूर्वी हिस्से पर वैकल्पिक एमरजेंसी मार्ग पर रखे पत्थर हटवाकर सर्विस रोड के माध्यम से वाहन गुजारे गए जिससे सुबह होते होते जाम की स्थित पर काबू पाया गया इस दौरान करीब 4 घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

*गौरतलब हो घटनास्थल हवाई पट्टी पर था जो जगह आकस्मिक एयर स्ट्रिप के रूप विकसित की गई है जिससे हवाई पट्टी के शुरूवात व समाप्ति दोनों सिरों पर इमरजेंसी कट मार्ग देकर सर्विस रोड से वाहन गुजारने की व्यस्था बनी हुई है तथा पूर्व में भी वायु सेना द्वारा अभ्यास के दौरान इसी वैकल्पिक मार्ग से वाहन गुजारे जाते है जिससे हवाई पट्टी का एरिया बिना किसी रुकावट के सुरक्षित बना रहता है तथा वाहन हवाई पट्टी शुरू होने से पहले सर्विस रोड पर पहुंच जाते है तथा समाप्ति होने के बाद पुनः मुख्य मार्ग पर पहुंच जाते है ।शुक्रवार को घटना के दौरान इसी एमरजेंसी कट मार्ग को खोलकर मुख्य मार्ग से सर्विस रोड को जोड़ दिया गया जिससे जाम खुलने में आसानी रही अन्यथा घटना के बाद जाम के हालात और ज्यादा गंभीर हो सकते थे।*

## सम्पादकीय

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिखरा इंडिया गठबंधन

चुनाव आयोग ने जब देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू की तो विपक्ष ने खूब बवाल काटा। इंडिया गठबंधन के नेता संसद से लेकर सड़क तक खूब गरजे। देशभर में अलग-अलग तरह से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह साबित करने का प्रयास किया गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसा कर रहा है। विपक्ष के वोट काटने के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। अब जबकि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाने का ऐलान किया है तो विपक्ष विरोध तो कर रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सारे दल अलग-अलग ढपली बजा रहे हैं। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी इंडिया ब्लॉक के कुनबे में तमिलनाडु छोड़कर इस मुद्दे पर कहीं भी एकजुटता नजर नहीं आ रही है। दूसरे चरण की घोषणा हुए 10 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अभी तक इसके खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस तक नहीं की है। अलबत्ता सैद्धांतिक रूप में वे इसका विरोध जरूर कर रहे हैं और वो भी अलग-अलग। मंगलवार को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किलोमीटर लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। इसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े धड़े कांग्रेस ने इस मार्च से दूरी बनाए रखी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने का कहना था कि टीएमसी और बीजेपी बंगाल में एसआईआर पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त हैं, जिससे भय का माहौल पैदा हो रहा है। सीएम ममता बनर्जी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और एसआईआर विरोधी दलों को एकजुट करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अब चुनाव आयोग के साथ मुलाकात की कोशिश में है, ताकि अपनी चिंताएं बता सके और एसआईआर को लेकर सुझाव दे सके। इशारा साफ है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं है। दूसरी ओर, सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार में इतना हो-हल्ला करने के बाद भी न तो मतदाताओं पर इसका कोई असर दिख रहा है और न ही इसके खिलाफ कोई बड़ा कानूनी डंडा ही चल पाया है, जिसने इंडिया गठबंधन के नेताओं का उत्साह पूरी तरह से फीका कर रखा है। कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट की वजह से बिहार में जो विपक्ष एकजुट दिख रहा था, वो न तो पश्चिम बंगाल में एकसाथ नजर आ रहा है और न ही केरल में। जबकि, इन तीनों ही राज्य में अगले साल एसआईआर की छंटनी प्रक्रिया के बाद तैयार होने वाले वोटर लिस्ट पर ही चुनाव होने वाले हैं। विपक्ष को लग रहा है कि इस मुद्दे को जनता भाव नहीं दे रही है। इसीलिए गठबंधन की एकता गायब हो गई है।

# स्वतंत्रता का मंत्र बना- वंदेमातरम्



विचार

शिवप्रकाश

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है ।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम ग़ुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि 'एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगों को अपने अंदर लाकर।'

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी। समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव 'अलख निरंजन' का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ 'अपनी भूमि अपनायेंगे , अपनी सरकार बनायेंगे।' का उद्घोष किया। अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ।

समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1938 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू। जैस्सोर (अब बांग्लादेश)में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए । अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी,राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है । उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया। इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुई 'आनंदमठ'। जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लालगोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है।

7 नवंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई । यह शुभ दिन भारतीय कालगणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी । यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।




बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु - मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था । विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया । प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम् । 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मित्र के नेतृत्व में 'वंदेमातरम् संप्रदाय' की रचना हो गई । अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातम लिखा । क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे । जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया । अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असमके बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए । 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाट गार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् का गायन हुआ। कनाडा- अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया । महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इस सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया ।

स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया । उस दिन 'विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प' लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय 'ॐ वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा' के मंत्र का उच्चारण हुआ । एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रुपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी। अंग्रेजों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विरोध में भारत में स्वदेशी कंपनियां जन्म लेने लगी उदाहरण स्वरूप तूतुकुड़ी (तमिलनाडु) में स्वदेशी नेविगेशन जैसी अनेक कंपनियों का जन्म हो गया। लोकमान्य तिलक वंदेमातरम् एवं स्वदेशी के आधार बन गए। वीर सावरकर ने वंदेमातरम् बोलकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लाला लाजपत रायने वन्देमातरम् बोलकर लाठी के प्रहार सहन किए ।। अब आनंदमठ से निकलकर वंदेमातरम् संपूर्ण देश के लिए स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वदेशी का भी मंत्र बन गया।

अंग्रेजों के षड्यंत्र का परिणाम भी धीरे-धीरे प्रकट हुआ। जो मंत्र देशभक्तों की प्रेरणा बना उसमें कुछ लोगों को बुतपरस्ती नजर आने लगी। 1923 के काकीनाड़ा के कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद अली ने यह कहकर कि इस्लाम में मूर्ति पूजा एवं संगीत स्वीकार नहीं है,वंदेमातरम् गायन का विरोध किया । जबकि बदरुद्दीन तैयब, मोहम्मद रहीमतुल्ला सयानी, नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर, डॉ. एमए अंसारी जैसे मुस्लिम अध्यक्षों ने कभी वन्देमातरम् का विरोध नहीं किया । 1915 से सतत वंदेमातरम् का गायन करने वाले महान देशभक्त विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने यह कहकर कि यह किसी व्यक्ति नहीं कांग्रेस का मंच है वंदेमातरम् का संपूर्णगायन किया। लेकिन इस विरोध के कारण कांग्रेस नेतृत्व झुकता चला गया। पूर्ण वंदेमातरम् के स्थान पर दो ही पदों का गायन प्रारंभ किया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक पत्र के द्वारा सूचित किया गया कि दो चरण ही गाये जाए एवं अन्य कोई इसके स्थान पर दूसरा गाना भी गा सकते हैं ।

15 अगस्त 1947 को श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वन्देमातरम् का गायन एवं सरदार पटेल के आग्रह पर आकाशवाणी पर प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम् का गायन हुआ। तत्कालीन नेतृत्व द्वारा अलग-अलग प्रकार के हास्यपूर्ण तर्क देकर वंदेमातरम् के स्थान पर जनगणमन को राष्ट्रगान का स्थान दिया गया । जिसके संबंध में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा कि ' मैं ऐसी कांग्रेस की कल्पना भी नहीं कर सकता जो वंदेमातरम् को राष्ट्रगान से नकारती है।' धन्य प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने 24 जून 1950 को दोनों ही गीत वंदेमातरम् एवं जनगणमन को राष्ट्रगान का सम्मान दिया एवं सभा की समाप्ति पर सभी ने वंदेमातरम् कहकर परस्पर अभिवादन किया। अभी - अभी संपन्न हुई 31 अक्टूबर 2025 को एकता परेड में अलग-अलग वाद्य यंत्रों के माध्यम से वंदेमातरम् की संगीतमय प्रस्तुति उन सभी प्रश्नों का उत्तर मिलते हुए भी हम सबने देखा है ।

विभाजन के जो बीज साम्राज्यवादियों ने हमारे देश में बोए थे एवं अदूरदर्शिता के कारण हमारा जो तत्कालीन नेतृत्व उसमें फंस गया था, वह आज अलगाववादी वृक्ष के रूप में हमारे सम्मुख खड़े हैं । 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका भी हम देख ही चुके हैं। पुनः ऐसा न हो पाए ,हम सांस्कृतिक एकता के आधार पर एकजुट हों इसकी आवश्यकता है । वंदेमातरम् गीत उसी सांस्कृतिक एकता का गीत है । वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती इसी संकल्प पूर्ति में सहायक बनेगी। इस शुभ अवसर पर सम्पूर्ण देश आनंद, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का गायन करें।

महिला क्रिकेट

विवेक शुक्ला



# छोटे शहरों की बेटियां करतीं सपने साकार

बीते 2 नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला ओडीआई विश्व कप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रो से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? बिल्कुल हां। अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर से) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा। लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां ताजमहल की छाया में क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की, और आज वे विश्व कप की हीरो हैं। नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है, स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन, और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। श्री चरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 फीसदी खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है। यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) का महिला क्रिकेट पर बढ़ता फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। लेकिन चुनौतियां भी हैं। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा, अभी भी बाधा हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है; कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक सीमित नहीं। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं। लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है।

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन




संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा।

*- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास खुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### सबसे बड़ा आदिवासी



हेमंत सोरेन ने हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे हाफिजुल हसन को मंत्री बनाया था, लेकिन रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके बेटे को मंत्री नहीं बनाया क्योंकि रामदास सोरेन आदिवासी थे। हेमंत खुद को सबसे बड़ा आदिवासी समझते हैं, बाकी आदिवासियों को हीन समझते हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### महिलाओं के अधिकार



भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं।



## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं।



## संक्षेप

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत

**हरियाणा से बिहार जाते समय तोड़ा दम, आराम करते समय बिगड़ी तबियत**

सुलतानपुर, हरियाणा के एक बस चालक की बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हार्ट अटैक से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को निजी एम्बुलेंस से हरियाणा ले जाया गया है। यह घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 166 पर हुई। हरियाणा से बिहार जा रही एक निजी बस में दो चालक थे। एक चालक बस चला रहा था, जबकि दूसरा आराम कर रहा था। आराम कर रहे चालक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बस चला रहे दूसरे चालक ने तुरंत बस रोकी और यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) को सूचना दी। यूपीडा ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था की। चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। वहां डॉ. आरके पांडेय ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जितेंद्र (43), पुत्र ओम प्रकाश, निवासी सिवाना, थाना झाझर, हरियाणा के रूप में हुई है।

### डीडीओ गजेंद्र तिवारी ने खेतों का किया निरीक्षण

**सुल्तानपुर में बोले- 'किसान का बेटा हूं, उनका दर्द समझता हूं'**

सुलतानपुर, जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र तिवारी ने धान की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर तहसील सदर के ग्राम इटकौली में हुआ। इस दौरान डीडीओ स्वयं खेत में उतरे और फसल का जायजा लेकर किसानों से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान डीडीओ गजेंद्र तिवारी ने कहा कि वह स्वयं किसान के बेटे हैं। उन्होंने किसानों की मेहनत, समस्याओं और उनके दर्द को गहराई से समझने की बात कही। उन्होंने बताया कि शासन किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर लगातार काम कर रहा है। फसल सुरक्षा और पारदर्शी आकलन के लिए प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। डीडीओ ने खेत में फसल की स्थिति, उपज की गुणवत्ता, पैदावार की मात्रा और कटाई के वैज्ञानिक तरीकों का बारीकी से अध्ययन किया। उन्होंने कृषकों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को भी जाना।

### दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

**ससुराल वालों पर सोने की चेन और 1 रुपए लाख मांगने का आरोप, एफआईआर दर्ज**

सुलतानपुर, दहेज के लिए एक विवाहिता से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में ससुराल वालों पर सोने की चेन और एक लाख रुपए की मांग करने का आरोप है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के सुरेशनगर वरासिन निवासी मालती देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी गुड़िया की शादी करीब पांच महीने पहले गोसाईगंज के सैदपुर चीनी-मील निवासी चंद्रभान से हुई थी।

# सेमरहना में बसाए जायेंगे भरथापुर के ग्रामीण, मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीएम ने संभाली भरथापुर के विस्थापन की कमान

अमन लेखनी समाचार/ मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। नदी और जंगल के बीचो बीच बसे भरथापुर के दिन बहुरने वाले हैं पिछले दिनों हुई नाव दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री ने मिहींपुरवा पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात कर उनके तत्काल विस्थापन की कार्रवाई सुनिश्चित की थी। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीएम ने भरथापुर के विस्थापन की कमान संभाल ली है। शुक्रवार को सेमरहना में डीएम ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन चिन्हित कर आगे की कार्यवाही को मूर्त रूप देने के लिए राजस्व सहित विभागों से जुड़े अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है जिससे अब भरथापुर के विस्थापन और वहां के ग्रामीणों के जीवन में बदलाव की किरण दिखाई देने लगी है जिससे ग्रामीण भी उत्साहित है।तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत घने जंगलों के बीच बसे हुए राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहीयों को ग्राम सभा सेमरहना, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) की ग्राम समाज की भूमि पर विस्थापित किये जाने की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दी गई। इसी कड़ी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शासन द्वारा आवंटित विस्थापन धनराशि हितग्राहियों के खातों में जमा कराने, विस्थापन के लिए तहसील के ग्राम सेमरहना में चिन्हित ग्राम समाज की भूमि का सत्यापन करने, विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के लिए भूमि का चिन्हित करने तथा विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं के लाभार्थियों को विस्थापित किये जाने वाले ग्राम में समायोजित करने की कार्यवाही इत्यादि के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि ग्राम भरथापुर में कैम्प आयोजित कर 118 हितग्राहियों के खाते खोलने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ताकि हितग्राहियों के खातों में विस्थापन धनराशि के हस्तान्तरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि ग्राम सेमरहना में विस्थापन के लिए चिन्हित ग्राम समाज की भूमि के अभिलेखों का गहनता से जांच परीक्षण कराकर सत्यापन कर लिया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री आवास की मांग शासन स्तर से कर ली गई है। शासन स्तर पर समन्वय कर स्वीकृति कराये जाने के प्रयास भी किये जा रहे है। श्री चन्द्र ने यह भी बताया कि ग्राम सेमरहना में भूमि सर्वे का कार्य जारी है। डीएम ने कहा कि विस्थापित परिवारों के लिए प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थापना हेतु भी भूमि का सर्वे कर लिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया कि ग्राम भरथापुर के विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को विस्थापन के उपरान्त विस्थापित ग्राम्य में योजना का लाभ दिये जाने हेतु भी आवश्यक तैयारी कर ली जाय ताकि निरन्तरता बनी रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीएफओ कतर्नियाघाट सूरज, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, बीएसए आशीष कुमार, डीएचआईओ बृजेश सिंह, एलडीएम जितेन्द्र मसन्द व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गेहूं बीज वितरण के दौरान उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## अव्यवस्था को लेकर रुपईडीहा पुलिस रही मुस्तैद

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। राजकीय कृषि बीज भंडार चरदा में विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र के सैकड़ो कृषकों को गेहूं बीज का वितरण सुचारू से किया जा रहा है। गेहूं बीज वितरण के दौरान भारी भीड़ व अव्यवस्था को देखते हुए रुपईडीहा पुलिस द्वारा पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। सोमवार से चल रहे गेहूं बीज वितरण में विकासखंड नवाबगंज के सैकड़ो गांव के ग्रामीणों ने गेहूं बीज प्राप्त किया। हालांकि इस दौरान बीज वितरण केंद्र पर काफी भीड़ व अव्यवस्था भी देखने को मिली। शुक्रवार को गेहूं बीज वितरण केंद्र पर पहुंचे संवाददाता से बातचीत करते हुए प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार नवाबगंज आशीष मौर्य ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र के लगभग लगभग 120 किसानों को 936 रुपए प्रति बोरी की दर से गेहूं बीज का वितरण सुचारू रूप से किया जा चुका है। इस मौके पर कृषि विभाग के राजेश गौतम, रमाकांत भारती, ऋषि सोनकर, एडीएजी मनीष त्यागी, राकेश राणा सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रुपईडीहा पुलिस से उपनिरीक्षक बिजय प्रसाद, हेड कांस्टेबल सुनील निषाद, कांस्टेबल सिकंदर राजभर, बिपिन गौड आदि मौजूद रहे।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 07 नवम्बर 2025 को किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कमांडेंट द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान 59 वाहिनी के अधिकारी वर्ग उप कमांडेंट अभिनव कश्यप, अमित कुमार, ओम प्रकाश मिश्र, सहायक कमांडेंट आनंद मजूमदार एवं पलाश लूथरा सहित सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं वाहिनी के सभी जवानों ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। पूरे कार्यक्रम का



वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत रहा तथा सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति अपनी गहरी निष्ठा व्यक्त की। इस आयोजन का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक एकता एवं राष्ट्रीय गौरव को पुनः स्मरण कराना एवं नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना था।

# पुलिस व एसएसबी टीम की संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान 29 ग्राम स्मैक के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा 42 वीं वाहिनी एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने 29 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त को अलग अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि रूपईडीहा एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा पर गस्त के दौरान एक अभियुक्त को संदिग्ध हालत में पिलर संख्या 651/02 से 1 किमीकी दूरी दक्षिण पूरब से अभियुक्त विजयचौधरी पुद रामसेवक थारू उम्र 31 वर्ष निवासी कोहलपुर जि० बाँके राष्ट्र नेपाल को 15ग्राम स्मैक के साथ दि० 6 अक्टूबर25 को गिरफ्तार किया गया तथा पिलर संख्या 651/11 के पास दूरी लगभग किमी पूरब से अभियुक्त आशा राम थारू पुत्र ऑगनूभारू उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं3 गाॅव पालिका नौबस्ता थाना कोहलपुर जिला बाँके राष्ट्र नेपाल को 14 ग्राम स्मैक के साथ 7 अक्टूबर 25 को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। कुल 29 ग्राम स्मैक पकड़ी गई जिसकी अन्तरराष्ट्रीय कीमत 29 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए अभियक्तों पर थाना रूपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जनपद बहराइच न्यायालय रवाना कर दिया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में रूपईडीहा थाना उप निरीक्षक राहु ल सरोज, आशुतोष चन्द, हेड कांस्टेबल स्वतन्त्र विक्रम सिंह, अभिषेक राय, हेंमत कुमार वर्मा, संदीप चौहान, शिवेंद्र कुमार वर्मा तथा एस एस बी की टीम में सहायक उप निरीक्षक ऋतु राज, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार देवेन्द्र सिंह जिमी वाल, नीरज यादव, राहुल कटियार, परदेशी करतारसिंह, सोहनराम, अंकित मय डॉग संख्या 383 42वीं बटालियन की महती भूमिका रही।

# डीएम ने खेल मैदान व पार्क का किया निरीक्षण

**लोगों को प्रेरित कर उपयोग में लाया जाय खेल मैदान व पार्क**

**अन्य स्थानों पर भी खेल मैदान विकसित करने के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विकास खण्ड बलहा के ग्राम पंचायत बंजरियां में मनरेगा एवं राज्य वित्त व 15वां वित्त आयोग से लगभग 18.35 लाख रुपए की लागत से निर्मित खेल-कूद मैदान एवं मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक कर खेल मैदान व पार्क को उपयोग में लाया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि खेल मैदान व पार्क का अच्छा निर्माण कराया गया है। इसको माडल मानते हुए इसी प्रकार के अन्य स्थानों पर भी खेल मैदान व पार्क स्थापित किये जाय। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर परिषदीय विद्यालयों के पास में उपलब्ध भूमि पर भी इस तरह के खेल मैदान व पार्क को विकसित किया



जाय। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय, एपीओ विक्रान्त सिंह, एपीओ बलहा आलोक मिश्रा, तकनीकी सहायक फिरोज खान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम में वंदेमातरम गायन रहा आकर्षण का केन्द्र

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा महिला पीजी कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी की उपस्थिति में वंदेमातरम सामूहिक गायन किया गया। वंदेमातरम गायन के मनमोहक प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में वंदेमातरम के योगदान पर एक प्रेरणादायक चर्चा सत्र भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा जरवल, देवेश शुक्ला चित्तौरा, अजय गुप्ता बलहा, शैलेश मिश्रा मिहींपुरवा, आलोक सिंह, अखिलेश चौधरी व विनम्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई नवाबगंज की एक आवश्यक मीटिंग पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाबागंज द्वितीय में आहुति की गई।बैठक में मुख्य रुप से ससमय चयन वेतनमान, टेट प्रकरण पर 24 नवंबर को होने वाले आंदोलन में सभी शिक्षक साथियों से संपर्क कर अधिक से अधिक शिक्षकों कों दिल्ली चलने के लिए प्रेरित करना, कार्य समिति का निर्णय आने तक ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध, सत्र 2025-26 की सदस्यता अभियान जैसे बिन्दुओ पर चर्चा की गई। मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एवं संचालन ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र पाल के नेतृत्व में किया गया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष अमिताभ शंकर त्रिपाठी, मोहम्मद साबिर, दिनेश कुमार, सुमित शुक्ला, भानु कुमार,




अंकुर श्योरान, कैलाश नाथ वर्मा, मोहम्मद इलियास, रईस अहमद, श्रीकांत भारती, राम, अभय त्रिपाठी, रविंद्र कुमार, बछराज, राजीव कुमार जी, विनय कुमार सिंह सहित आदि अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# गंगापुर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत गंगापुर में स्थित केजे एस एकेडमी स्कूल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सीतापुर आँख अस्पताल से डॉक्टरों द्वारा 175 मरीजों की जांच की गई जिसमे 57 गंभीर मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर भेजा गया। विद्यालय प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने बताया की अभी तक कैंप के माध्यम से 400 लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया अगला कैंप का आयोजन 4 जनवरी 2026 को पुनः होगा साथ ही विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि विद्यालय की स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम में शुक्रवार को नेत्र शिविर का समापन हुआ कल से दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा जिसमें ग्रामीण स्तरीय बालीवाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ 8 नवंबर व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को 9नवंबर को रखा गया है, जो दिन रात का मैच होता है।



# मधुमक्खियों का लोगों पर हमला

## शाहजहांपुर में छात्रा को कई जगह काटा, छात्रा खुद को बचाती रही

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, मधुमक्खियों ने कुछ लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें एक छात्रा घायल हो गई। यह घटना सदर बाजार क्षेत्र के कैंट इलाके में हुई, पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। छात्रा को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस घटना में, सड़क पर चल रहे लोगों पर अचानक एक पेड़ से निकली मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि कई लोग भागकर अपनी जान बचा रहे थे, लेकिन एक छात्रा मधुमक्खियों की चपेट में आ गई। मधुमक्खियां उसके बालों और गले में चिपट गईं और उसे कई जगह काटा। छात्रा दर्द से चीखती-चिल्लाती मदद मांग रही थी। यह घटना सदर बाजार क्षेत्र के कैंट इलाके की है, जहाँ जीएफ कॉलेज, ओसीएफ अस्पताल और डाकखाना स्थित हैं। यह सड़क हमेशा व्यस्त रहती है और यहाँ कई दुकानें भी हैं। इस क्षेत्र में पुराने पेड़ों पर मधुमक्खियों के कई छत्ते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अक्सर मधुमक्खियां छत्तों से बाहर आती हैं, जिससे लोग दहशत में दुकानों और घरों में छिप जाते हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में स्थित पेड़ से मधुमक्खियों के छत्ते हटवाए जाएं। हमले के बाद छात्रा एक मार्केट के पास रुक गई और अपने शरीर से मधुमक्खियों को हटाने की कोशिश करने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। गुरुवार रात को इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

# इलाज से युवती की मौत, परिजनों का हंगामा

## सुल्तानपुर में दवा लेने के बाद बिगड़ी हालत, आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, एक झोलाछाप के इलाज के बाद 24 वर्षीय युवती की मौत हो गई। यह घटना गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के कटका बाजार में हुई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान चंदापुर, कूरेभार निवासी बबीता पुत्री राममिलन के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बबीता को दो दिन से तेज बुखार था। उसे इलाज के लिए झोलाछाप इलियास के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने बबीता को इंजेक्शन लगाने के साथ कुछ दवाएं दीं। दवाएं लेने के कुछ ही घंटों बाद बबीता की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से तहरीर देने को कहा। बताया जा रहा है कि आरोपी झोलाछाप डॉक्टर मौके से फरार हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भरत भूषण से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने अपना सीयूजी नंबर नहीं उठाया।

# 10 साल बाद दोबारा संचालित होगा भेटुआ सीएचसी

## कार्यदाई संस्था के विवाद के कारण बंद था अस्पताल

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, भेटुआ में पिछले 10 साल से बंद पड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जल्द ही संचालित होगा। जिलाधिकारी (डीएम) और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के निरीक्षण के बाद इसके संचालन की संभावना जताई जा रही है। कार्यदाई संस्था और प्रशासन के बीच विवाद के कारण यह अस्पताल बनकर तैयार होने के बावजूद चालू नहीं हो पाया था। यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी तहसील क्षेत्र के भेटुआ गांव में लगभग 10 साल पहले बनकर तैयार हुआ था। निर्माण के बाद कार्यदाई संस्था और प्रशासन के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके चलते कार्यदाई संस्था पर आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया गया। इस विवाद के कारण अस्पताल का हैंडओवर अमेठी प्रशासन को नहीं हो सका, और यह केवल एक शोपीस बनकर रह गया। कुछ महीने पहले, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अमेठी दौरे के दौरान इस अस्पताल को जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अमेठी प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है, और अब अस्पताल के संचालन की कवायद में तेजी आई है। अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान ने इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल की कार्यदाई संस्था और ठेकेदार के बीच विवाद के चलते आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय यह क्षेत्र सुल्तानपुर जिले का हिस्सा था। मामला न्यायालय में जाने के कारण प्रशासन का ध्यान इस अस्पताल पर नहीं गया

## संक्षेप

### सीसीएस यूनिवर्सिटी में छात्र पर चाकू से हमला

**हिस्ट्रीशीटर छात्र अक्षय बैंसला समेत तीन पर मेडिकल थाने में दर्ज हुआ मुकदमा**

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में छात्र आर्यन पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित छात्र ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अक्षय बैंसला ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले फायरिंग की और फिर चाकू से कई वार किए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर लूट और हत्या के प्रयास में तीन नामजद और कुछ छात्रों के खिलाफ मुकदमा मेडिकल थाने में दर्ज कराया है। गांव मोरा निवासी आर्यन मेरठ में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसका आरोप है कि मंगलवार रात में परतापुर क्षेत्र निवासी अक्षय बैंसला ने उसे फोन कर चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी परिसर में बुलाया था। जहां पर अक्षय बैसला ने आर्यन से बियर पिलाने के लिए पैसे मांगे। जब उसने पैसे नहीं दिए तो अक्षय बैसला और उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी अक्षय बैसला हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। पुरे प्रकरण की जांच भी की जा रही है। जिन छात्रों पर मुकदमा हुआ है उनपर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। ये मुकदमे भी इस प्रकार के हमले और अन्य विवि की घटनाओं से ही जड़े हैं। कुछ दिन पहले अक्षय बैंसला का विश्वविद्यालय में प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

### हाईवे पर युवाओं का हुड़दंग

**कार से स्टंट किया, हाथों में लेकर आतिशबाजी की, घंटों जाम से टूरिस्ट परेशान**

मेरठ, नेशनल हाईवे-58 पर युवाओं द्वारा स्काई शॉट छोड़ने और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ये गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करती हैं। पुलिस ने इन मामलों में अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। कुछ दिनों पहले कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में भी ऐसी ही एक घटना सामने आई थी, जहां युवकों ने कार के बोनट पर पिस्तौल से केक काटा और हवाई फायरिंग की थी। इस मामले में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। हाईवे पर रात के समय कुछ युवक कारों और बाइकों पर निकलकर हंगामा करते हैं और राहगीरों से मारपीट भी करते हैं।

ताजा घटना दो दिन पहले सुभारती कॉलेज के पास मार्स रिसोर्ट के नजदीक हुई। यहां तीन बिना नंबर की कारों के बोनट पर रखकर युवकों ने स्काई शॉट पटाखे छोड़े। इन युवकों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इसके बाद इन्हीं युवकों के दो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में युवक हाथों में स्काई शॉट पटाखे छोड़ते दिख रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में जन्मदिन मनाते हुए युवक कारों से स्टंट कर रहे हैं। बताया गया है कि इन युवकों ने कई घंटों तक हाईवे पर हंगामा किया, लेकिन उस दौरान किसी पुलिसकर्मी ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने इस संबंध में बताया कि वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ऐतिहासिक रामलीला में टूटा शिवचाप लक्ष्मण परशुराम के बीच हुआ घनघोर संवाद

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का जीवंत प्रदर्शन भक्तों ने मंच के माध्यम से दर्शन किया जनपद के असोथर कस्बे में विराजमान अजर अमर अश्वत्थामा के मंदिर प्रांगण अंतर्गत दो दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला संपन्न हुई जहां प्रथम दिवस मुनि याचना तथा द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ की पावन लीला देख दर्शन गण भाव विभोर हो उठे प्रातः काल देर समय तक मंच पर विराजमान परशुराम की भूमिका में पंडित गोपाल अवस्थी तथा लक्ष्मण की भूमिका में प्रदीप पाण्डेय के बीच तीखा संवाद चला इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पंडित रामकिंकर अवस्थी समेत सैकड़ो सक्रिय सदस्य मौजूद रहे

**जजमोइया गांव के हरकुंड धाम में लगा मेला**

ठीक इसी प्रकार जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव जजमोइया के हरकुंड धाम में ऐतिहासिक मेला तथा दो दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का समापन हुआ जहां शुभारंभ समय पर पहुंची अमौली ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने मंच पर विराजमान मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं शेषावतार लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया शुभारंभ के पश्चात प्राचीन रामलीला को आज भी संचालित कर रही समिति की सराहना करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने मंच के माध्यम से भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति के विषय में उद्बोधन किया इस दौरान मंच पर उपस्थित बुजुर्ग शिक्षक कृपयानंद बाजपेई वैभव श्रीवास्तव शिव सहाय सौरभ ग्राम प्रधान पप्पू सविता के साथ पहुंची महिला समाज से गीता देवी शशि देवी रानी देवी आदि ने ब्लॉक प्रमुख को सम्मानित कर सादर आभार व्यक्त किया प्रथम दिवस पुष्प वाटिका तथा द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ की लीला आयोजित हुई जहां उत्तर भारत के सुविख्यात कलाकारों ने मंच के माध्यम से अद्भुत प्रदर्शन किया लीला में पहुंचे जिला पंचायत प्रतिनिधि बृजेश पटेल का भी समिति ने भव्य स्वागत किया इस मौके पर अन्य समाज सेवी क्षेत्रीय प्रधान अरविंद उमराव सनोज कुमार समाज सेवी प्रधान प्रतिनिधि श्रीकांत उत्तम धर्मपाल पाल बड़कऊ दुबे बबलू मिश्रा तथा कस्बा अमौली चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

# क्रांतिकारी विचारों के साक्षी विपिनचंद्र पाल की जयंती पर दी श्रृद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



भरूआ, सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत क्रांतिकारी विचारों के साक्षी विपिनचंद्र पाल की जयंती संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पाल को क्रांतिकारी विचारों का जनक माना जाता है। इनका जन्म 7 नवम्बर 1858 को बंगाल के सिलहट के पोइली में जन्म हुआ था। इनके पिता ताराचंद पाल और मां नारायणी दोनों बहुत विद्वान और संस्कार परायण थे। पाल प्रारम्भ से राष्ट्रवादी सोच के व्यक्ति थे। देश के प्रति इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। देश और विदेश में भारत की आजादी के लिए काम किया है। लाल बाल पाल की तिकड़ी बहुत प्रसिद्ध थी। ये युवा देशभक्तों के प्रेरणा स्त्रोत थे। इन्होंने असहयोग आन्दोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी सहयोग प्रदान किया था। कालांतर में इनका 20 मई 1932 को कलकत्ता में निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, विकास, रिचा, पंकज सिंह, रामनरायन सोनकर, रामबाबू, दयाराम सोनकर, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# अस्पताल संचालक के भाई का शव मिला, हत्या की आशंका

**यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन ने मारी टक्कर, पुलिस ने जांच शुरू की**

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, दनकौर कस्बे में एक अस्पताल संचालक के भाई की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। अस्पताल संचालक ने अपने भाई की हत्या की आशंका जताते हुए दनकौर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अस्पताल संचालक डॉ. अजय शर्मा के बड़े भाई संजय शर्मा (49) का शव 24 अक्टूबर को यमुना एक्सप्रेसवे पर मिला था। पुलिस ने शव बरामद कर पीड़ित की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया था। डॉ. शर्मा को सोशल मीडिया के माध्यम से अपने भाई की मौत की खबर मिली थी। मृतक संजय शर्मा 23 अक्टूबर की शाम जेवर कोतवाली क्षेत्र के मंगरौली गांव से दनकौर कस्बे लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे पर सलारपुर अंडरपास के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि उनके भाई के पास मोबाइल था, जो घटना के समय गायब मिला। उन्होंने अपनी भाई की मौत को हत्या बताया है।



# सॉफ्टवेयर इंजीनियर की लाश होटल में फंदे से लटकी मिली

**गाजियाबाद में 4 दोस्तों संग रातभर पार्टी की, चाचा बोले- लड़की टॉर्चर कर रही थी**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने होटल में सुसाइड कर लिया। उसका शव रूम में फंदे से लटकता मिला। युवक ने रात चार दोस्तों के साथ रूम में पार्टी की। वह तीन दिन से ऑयो होटल में रुका हुआ था। स्टाफ कर्मी से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अब, पुलिस जानने में जुटी है कि युवक से होटल में कौन-कौन मिलने आया? मेरठ का रहने वाला युवक नोएडा में नौकरी करता था। उसके चाचा ने पुलिस को बताया कि एक लड़की टॉर्चर कर रही थी। उससे परेशान होकर भतीजे ने सुसाइड कर लिया। घटना इंदिरापुरम के शक्ति खंड-3 स्थित वन मॉल की है। इंदिरापुरम पुलिस ने सुसाइड करने वाले युवक की पहचान रजत प्रताप सिंह भाटी (27) के रूप में की है। मेरठ का रहने वाला रजत नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। वह होटल के रूम नंबर- 203 में तीन दिन से रुका था। होटल स्टाफ ने बताया- रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो रजत का शव पंखे से लटकता दिखा। पुलिस को होटल के रूम से लैपटॉप, मोबाइल फोन और शराब की एक बोतल मिली है। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदि भी था।



रजत प्रताप सिंह भाटी, मृतक

# ऑनलाइन ठगी का मामला

**बैंक अधिकारी बता युवक से 65 हजार रुपये की धोखाधड़ी, एसपी से शिकायत**

अमन लेखनी समाचार





बागपत, जिले के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से 65 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित युवक ने इस संबंध में बागपत एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। खेकड़ा निवासी गौरव ने बताया कि उसे एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को बैंक अधिकारी बताया। ठग ने खाते के सत्यापन के बहाने एक लिंक भेजी। लिंक खोलने के बाद जब गौरव ने मांगे जाने पर ओटीपी साझा किया, तो उसके बैंक खाते से 65 हजार रुपये गायब हो गए। शुरूआत में गौरव को लगा कि यह कोई तकनीकी त्रुटि है। हालांकि, जब खाते से धीरे-धीरे राशि ट्रांसफर होती दिखी, तो उसने तुरंत बैंक से संपर्क कर अपना खाता फ्रीज करवाया। बैंक अधिकारियों ने उसे साइबर अपराध शाखा या पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद गौरव ने बागपत एसपी कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत पत्र दिया और मामले में कार्रवाई की मांग की। गौरव ने बताया कि ठगों ने इतनी चालाकी से वारदात को अंजाम दिया कि उसे भनक तक नहीं लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सूरज कुमार राय ने साइबर सेल को जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने गौरव की शिकायत पर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर पर ट्रक से टकराया कैंटर

**ग्रेटर नोएडा में हादसे में चालक की मौत**

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रक से कैंटर गाड़ी टकरा गई, जिसमें कैंटर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान हरियाणा के पलवल निवासी गोपाल (49) के रूप में हुई है। उनके बेटे सोमदत्त उर्फ सोनू ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। सोमदत्त ने पुलिस को बताया कि उनके पिता गोपाल कैंटर गाड़ी किराए पर चलाते थे। मंगलवार रात वह पलवल से एक कंपनी का सामान लेकर बुलंदशहर जा रहे थे और केजीपी से गुजर रहे थे।




दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर पहुंचने पर आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे गोपाल की कैंटर गाड़ी पीछे से ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में गोपाल कैंटर के केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मेडिकल अस्पताल में अमानवीयता...

**फूडट्यूब लगे मरीज को भर्ती नहीं किया, तीमारदार पिता से कहा 5 दिन बाद एडमिट करेंगे**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेडिकल अस्पताल में जिले के साथ साथ आसपास से भी लोग इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों के साथ अनियमितता , अभद्रता के तमाम मामले भी सामने आते हैं। एक ऐसा अमानवीयता का मामला सामने आया जिसमे अस्पताल का प्रबंधन की बड़ी लापरवाही रही है। खरखौदा निवासी कैलाश अपने 26 वर्षीय बेटे प्रिंस जिसे फूडट्यूब तक लगी है उसको भर्ती करने आया लेकिन उसे पांच दिन बाद जांच के साथ इलाज देने की बात कहते हुए वहां से भेज दिया गया। मरीज को जब अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया तो उसका पिता अपने फूडट्यूब लगे बेटे को लेकर अस्पताल की लाल बिल्डिंग के बाहर बने पार्क में बैठ गया।



इसके बाद उसने उसको वहीं लिटाकर दूध या अन्य जो भी पेय वो दे सकता था, उसको फूडट्यूब से पिलाया, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने उसको भर्ती नहीं किया। मरीज के पिता ने बताया कि अस्पताल कर्मियों ने उनसे कहा कि आज जांच लिखी है, जो सामवार को होगी। इसके बाद ही भर्ती किया जाएगा। मरीज को तब तक के लिए कोई दवा नहीं दी गई।बेड भी नहीं दिया गया। पहले मरीज अपना इलाज कराने के लिए हापुड़ भी गया था। वहां से उसको मेरठ मेडिकल में रेफर कर दिया गया इसके बाद वह यहां पहुंचा तो भर्ती कर इलाज करने के बजाय मरीज को पांच दिन बाद का समय देकर वहां से भेज दिया गया। मेरठ मेडिकल में इस प्रकार मरीज के साथ अमानवीयता को लेकर पहले भी कई मामले समाने आ चुके हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। स्टाफ के बीच मारपीट, मरीज के सामने डॉक्टर के सोते रहने के तमाम वीडियो भी मेडिकल की इमरजेंसी से ही आते रहते हैं। मरीज प्रिंस के पिता ने बताया कि उनका बड़ा बेटा ही एक मात्र घर का खर्च चलाने वाला व्यक्ति है। डेढ़ साल पहले वह चेन्नई में नौकरी करता था, तब उसको किसी ने कुछ ऐसा पिला दिया था। इससे उसका गला खराब हो गया था। तभी से ही उसका इलाज चल रहा है और हापुड़ से रेफर करने के बाद उसको वह यहां लेकर आया था।

# मोदी मॉल पर 25 लाख का जुर्माना

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों की अनदेखी, कचरा कबाड़ियों को दे रहे थे**



अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-25ए स्थित मोदी मॉल का निरीक्षण किया। प्राधिकरण ने वहां गंदगी मिलने पर प्रबंधन पर 25 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि मोदी मॉल प्रबंधन के निरीक्षण में सामने आया कि यहां पर बल्क वेस्ट जनरेटर अपशिष्ट पृथक्करण, भंडारण एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण के संदर्भ में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। मॉल में कचरे का सेग्रीगेशन नहीं किया जा रहा था। यहां कचरा अनधिकृत कबाडियों को दिया जा रहा था, जो कचरे को सड़क पर फेंक रहे थे। महाप्रबंधक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉल प्रबंधन और कर्मचारियों ने कोई सहयोग नहीं किया। कई कमियां मिलने पर मोदी मॉल प्रबंधन पर 25 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। एक सप्ताह के अंदर जुमार्ना जमा नहीं कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर टीम ने 5 राज्यों में 7 पीड़ितों को बचाया

**नोएडा टीम ने आई4सी और एनपीसीआई के साथ किया ऑपरेशन, निवेश के नाम पर ठगी हो रही थी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, साइबर क्राइम टीम ने देश के अलग-अलग राज्यों में सात लाइव पीड़ितों को बचा लिया। ये सभी लोग निवेश के नाम पर पैसा खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। जिस समय उनको अलर्ट किया गया वो थोड़ा पैसा निवेश कर चुके थे। उसको फ्रीज कराया जा रहा हैं। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि जिन सात लाइव पीड़ितों को बचाया गया उसमें तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान के है। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि साइबर कमांडो सचिन धामा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने आई4सी और एनपीसीआई के सहयोग से साइबर एवं वित्तीय इंटेलिजेंस का उपयोग किया। रिपोर्टेड साइबर अपराधों से जुड़े फाइनेंशियल फ्लो देखा और अध्ययन किया। लेनदेन के पैटर्न व नेटवर्क संकेतों का विश्लेषण किया। जिसमें अलग-अलग राज्यों के सात लोगों पर नजर गई। टीम को फाइनेंशियल फ्लो से इस तरह के फ्रॉड की जानकारी मिली। एडीसीसी ने बताया कि जब सातों पीड़ितों तक नोएडा साइबर क्राइम की टीम पहुंची तो भी वो अपने साथ हो रही ठगी के बारे में अवगत नहीं थे। उनको ठगी की वास्तविकता से अवगत कराया। साथ ही जिन खातों में पैसा ट्रांसफर किया उसकी जानकारी लेकर खातों को फ्रीज कराया गया। इससे करोड़ों के रुपए आर्थिक नुकसान से बचाया गया। एडीसीपी ने बताया कि ये सभी लोग पिछले कई महीनों से निवेश धोखाधड़ी के जाल में फंसे थे। धोखेबाजों का एक ही खास पैटर्न था जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को स्टॉक मार्केट एवं अन्य निवेश योजनाएं दिखाकर उनमें अच्छे रिटर्न का झांसा दिया। इस प्रकार उन्हें फ्रॉड निवेश नेटवर्क से जोड़ लिया।

# भाकियू अराजनैतिक ने बागपत में की पंचायत

**राष्ट्रीय संरक्षक राजेंद्र मलिक ने कहा- संगठन के प्रयासों से निशुल्क बिजली-गन्ना मूल्य वृद्धि मिली**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जनपद के बरनावा गांव में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों के लिए संगठन को और अधिक मजबूत करना था। अनवार कुरैशी के अहाते में हुई इस पंचायत में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक बाबा राजेंद्र सिंह मलिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगठन किसान मजदूरों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। उनके प्रयासों से किसानों को निशुल्क बिजली और गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी जैसे लाभ मिले हैं। उन्होंने ग्राम स्तर पर 11 सदस्यों की कमेटी गठित करने का आह्वान भी किया। जिलाध्यक्ष राकेश पंवार ने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसका विस्तार लगातार हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने संगठन द्वारा समय-समय पर उठाई गई किसानों की मांगों को स्वीकार किया है। इसी दौरान, बरनावा निवासी अनवार कुरैशी को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। फूल सिंह की अध्यक्षता और कुलदीप पंवार के संचालन में हुई इस पंचायत में पूर्व जिलाध्यक्ष दुष्यंत मलिक, सूरज चौधरी, विनोद दाहा, गौरव राणा, राजबीर सिंह, राजपाल राणा, नरेश त्यागी, जरीफ प्रधान, बाबू चौधरी, मास्टर जितेंद्र सिंह, सुदेश राठी, वीरेंद्र पंवार और प्रताप सिंह सहित ईश्वर सिंह आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।



## संक्षेप

### खेल महोत्सव का आगाज रविवार को होगा

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

मौदहा (हमीरपुर)। नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराज्यीय हॉकी टूनामेंट का आयोजन रहमानिया इंटर कॉलेज के मैदान में 9 नवंबर से किया जाएगा। टूनामेंट में लखनऊ साईं हॉस्टल, साईं हॉस्टल, राउरकिला, झांसी रेलवे, करमपुर गाजीपुर, बनारस, लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज सहित प्रदेश की अन्य टीमें हिस्सा लेंगी।कार्यक्रम के अध्यक्ष निजामुद्दीन उर्फ पावर ने बताया कि विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये नगद, उपविजेता टीम को एक लाख रुपये नगद तथा अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी मैच दोपहर तीन बजे से आरंभ होंगे। उद्घाटन मुकाबला चंडीगढ़ और साईं लखनऊ के बीच खेला जाएगा, जिसका शुभारंभ समाजसेवी मौलाना खान करेंगे।खेल महोत्सव का समापन पंद्रह नवंबर को होगा।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफतार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी मनोहर लाल उर्फ पप्पू पुत्र रामसजीवन के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें न्यायालय द्वारा इसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था हरौली पुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद सिंह कांस्टेबल आशीष कुमार के साथ गांव से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### दुष्कर्म वाधित को पुलिस ने किया गिरफतार

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा गांव निवासी आरोपी राम मिलन पुत्र हरिराम केखिलाफ 18 अक्टूबर 25 को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था।इस मामले में आरोपी वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी राम आसरे सरोज व कांस्टेबल कृष्णकुमार व कांस्टेबल देवेश सिंह द्वारा गांव के समीप से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## मजदूर के पैर में गिरी डाल, हालत गंभीर, भौनिया गांव के पास पेड़ काटते हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के भौनिया गांव के समीप पेड़ काटते समय कटी डाल अचानक पैर में गिरने से मजदूर घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। चंदपूरवा निवासी राहुल विश्वकर्मा (30) लकड़ी ठेकेदार के अधीन पेड़ों की कटाई कर करता है। शुक्रवार को यह भौनिया गांव के समीप पेड़ों की कटाई कर रहा था। तभी अचानक कटी डाल पैर में गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें 146 बच्चे नामांकित हुए उसमें से 133 बच्चों ने परीक्षा दी

अमन लेखनी समाचार

गोहांड हमीरपुर श्री गांधी इंटर कॉलेज गोहांड में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें 146 बच्चे नामांकित थे तथा 133 बच्चे परीक्षा में उपस्थित रहे परीक्षा प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई और सभी स्टाफ का सहयोग रहा व संस्कृत ज्ञान परीक्षा के गोहांड प्रतिनिधि देवी शंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन मरम्मत का कार्य अधूरा होने से 30 से अधिक नलकूप ठप

### इंगोहटा के नौ राजकीय एवं 21 निजी नलकूप शामिल किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के इंगोहटा मौजे के नौ राजकीय नलकूप तकनीकी एवं विद्युत दोष से खराब है। वहीं चंद्रपुरवा फीडर से इंगोहटा के दो दर्जन से नलकूपों को बिजली उपलब्ध कराने वाली विद्युत लाइन की मरमत का कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे नलकूप ठप पड़े हैं। किसानों ने विभागीय अधिकारियों चक्कर लगा रहे है।लेकिन कोई गौर नहीं कर रहे है। इंगोहटा के किसानों में अशोक मिश्र, प्रेम सागर सोनकर, गंगा प्रजापति, रमेश सिंह, राकेश सोनकर, संतोष अनुरागी, मंजीत खान, मुन्ना तिवारी और धनीराम साहू ने बताया कि चार माह पूर्व आए आंधी-तूफान में चंदपुरवा फीडर से इंगोहटा को जोड़ने वाली विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। कई खंभे उखड़कर गिर गए थे। इससे लाइन से जुड़े इंगोहटा गांव के तीन राजकीय नलकूप एवं एक दर्जन निजी नलकूप ठप हो गए थे। उन्होंने बताया कि चार माह बीत जाने के बाद विद्युत विभाग केवल नए पोल लगा पाया है। उनमें तार बिछाने का काम अभी भी अधूरा है। जिससे नलकूप न चलने से सिंचाई कार्य पूरी तरह ठप है। गांव के सभी राजकीय नलकूप महीनों से बंद हैं। जबकि अब रबी फसल की बुवाई का समय आ गया है। किसानों के अनुसार राजकीय नलकूप संख्या 164,165 एवं 166 एचजी के ट्रांसफार्मर, मेन स्विच व स्टार्टर खराब हैं। नलकूप 213 व 214 एचजी में भी ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। वहीं 90 व 118 एचजी रीबोर की स्थिति में हैं। नलकूप 230 एचजी में ट्रांसफार्मर और मेन स्विच खराब हैं। नलकूप संख्या 212 एचजी ठीक होने के बाद भी बंद है। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति और नलकूप चालू नहीं कराए गए तो उनकी फसलें सूख जाएंगी। किसानों का कहना है कि बंद नलकूपों की आवश्यक सामग्री जैसे ट्रांसफार्मर, मेन स्विच और स्टार्टर जल्द उपलब्ध कराए जाएं तथा चंदपुरवा फीडर लाइन पर लगाए गए नए पोलों में तार डालकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि समय से सिंचाई संभव हो सके। उपखंड अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि खंभे खड़े हो गए हैं।तार डालने किया जा रहा है।राजकीय नलकूप के बारे में बताया कि उनके यहां कोई शिकायत दर्ज नहीं है।अगर विद्युत दोष से नलकूप बंद हो तो नलकूप चालक शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उनकी समस्या दूर की जा सकें।

## ब्लाक प्रमुख द्वारा टी बी रोगियों को पोषण किट का वितरण किया गया



अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टी बी रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने मरीजों को किट का वितरण किया स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षयरोग केंद्र में कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के 39 मरीज पंजीकृत है। इनका उपचार चल रहा है। तथा इनको शासन द्वारा पोषण किट का वितरण किए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए है।इन मरीजों के स्वास्थ लाभ के लिए पोषण किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल द्वारा सभी पंजीकृत मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ सुनील कुमार जायसवाल, सहित क्षयरोग विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई।कोतवाली के ठीक सामने सड़क पर पैदल चल रही 65 वर्षीय कैलाशा को तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हुईं बुजुर्ग महिला को पुलिस ने तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।कैलाशा उन्नाव जिले के बेहटा मुझावर थाना क्षेत्र के गांव जोगीकोट की रहने वाली थीं। वह शुक्रवार सुबह अपने बहनोई के घर मितमितपुर गांव जाने के लिए बस से बिलग्राम उतरी थीं। बस स्टॉप से टेंपो स्टैंड की ओर पैदल जा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया।मृतका के बेटे अनुपम द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही परिजन बिलग्राम पहुंचे, लेकिन तब तक मां का निधन हो चुका था। कैलाशा के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, सभी की शादी हो चुकी है।उपनिरीक्षक अजय तोमर ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने डीएससीएल शुगर मिल लोनी में पेराई सत्र का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

हरदोई की डीएससीएल शुगर मिल लोनी में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने फीता काटकर पेराई सत्र का भव्य शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित गन्ना कृषकों को गन्ना मूल्य वृद्धि पर बधाई दी, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला गन्ना अधिकारी निधी गुप्ता ने भी मिल प्रबंधन को सही समय पर मिल संचालन शुरू करने के लिए बधाई दी और उनकी सराहना की।इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर, प्रमुख श्याम बाबू त्रिवेदी जी, गोविंद पाठक, मोहित सिंह , रामराज सिंह , चंद्रप्रकाश सिंह सरोज , लालाराम राजपूत , अनिल सिंह लाल समेत क्षेत्र के कई गणमान्य किसान साथी उपस्थित रहे। मिल प्रबंधन की ओर से रोशन लाल टामक जी, आशुतोष तिवारी जी, राजा श्रीवास्तव , अनिल सिंह समेत सभी वरिष्ठ मिल अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### अज्ञात महिला हत्याकांड का खुलासा, 2 शातिर अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।मौदहा पुलिस ने अज्ञात महिला की सनसनीखेज हत्या का पदार्फाश करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगने के बाद उन्हें मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और नकदी बरामद की है घटना 27 अक्टूबर 2025 की है, जब ग्राम रीवन के खेतों के पास एक अज्ञात महिला का चेहरा जला हुआ शव बरामद हुआ था। महिला हरे रंग की साड़ी पहने थी, उसके हाथ पर ₹गायत्री₹ लिखा हुआ और हथेली पर ₹ॐ₹ का निशान बना था। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में गठित टीम ने जांच में तेजी लाई। सुरागों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि हत्या के पीछे रामसुफल प्रजापति (निवासी वरहेण्डा, बांदा) और सोनू यादव (निवासी गुरदहा, मौदहा) का हाथ है। आज सुबह 07 नवम्बर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नेशनल चौराहे से इंगोहटा रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही दोनों अभियुक्तों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाला खुलासा किया – रामसुफल पहले से शादीशुदा था, जबकि मृतका गायत्री उसके मित्र सोनू यादव के साथ भी रहती थी। दोनों ने मिलकर रात्रि में रीवन गांव के पास दुपट्टे से उसका गला दबाकर हत्या कर दी और चेहरा जलाकर पहचान छिपाने की कोशिश की। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, तीन जिंदा और दो खोखा कारतूस, साथ ही 760 नकद बरामद किए हैं। घायल अभियुक्तों को सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया है। इस मुठभेड़ व हत्या कांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनेश गौतम, अभिषेक त्रिवेदी, मोहित कुमार, तथा एसओजी प्रभारी सचिन शर्मा की टीम ने अहम भूमिका निभाई इस कार्रवाई से यह साफ है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त और एक्शन मोड में है महिला की पहचान और हत्या के पीछे के पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## सात अभियुक्त के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की गई

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही / प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना मौदहा, थाना राठ व थाना मुस्करा, थाना जरिया से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित / जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित / जिलाबदर अपराधी गण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे जिलाबदर किये गये अभियुक्तगण का विवरण1.अभियुक्त- वीरु उर्फ बृजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी ग्राम पिपरौंदा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, दिनांक 27.10.2025 से 06 माह

2.अभियुक्त- अभय शुक्ला पुत्र मुनेश निवासी ग्राम पिपरौंदा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, दिनांक 17.10.2025 से 06 माह 3.अभियुक्त- शशिकांत राजपूत पुत्र महेश चन्द्र राजपूत निवासी ग्राम ससरई थाना राठ जनपद हमीरपुर, दिनांक 27.10.2025 से 06 माह

4. अभियुक्त- लालू उर्फ संदीप कुमार राजपूत पुत्र भगवत प्रसाद निवासी ग्राम पथनौड़ी थाना राठ जनपद हमीरपुर, दिनांक 17.10.2025 से 06 माह 5. अभियुक्त- निखिल राजपूत पुत्र देवेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर, दिनांक 27.10.2025 से 06 माह।

6. अभियुक्त- सौरभ पुत्र उमेश सिंह निवासी श्रीरामपुर का डेरा ग्राम उपरहंका थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर, दिनांक 10.10.2025 से 06 माह 7. अभियुक्त- संजय उर्फ संजू पुत्र मूरतध्वज राजपूत निवासी ग्राम इटैलिया बाजा, थाना जरिया जनपद हमीरपुर दिनांक 10.10.2025 से 06 माह।

## उप जिलाधिकारी को मोहल्ले वासियों को ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

मौदहा हमीरपुर -सिम मोबाइल फोन टावर को चालू करने के मामले से आहत मोहल्ले वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए टावर को यथा स्थिति बनाए रखने की जोरदार मांग किया है।बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला निजामीपुरा में जिओ कंपनी का टावर कई वर्ष पूर्व लगाया गया था जिसे मोहल्ले वासियों की भारी विरोध तथा न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद जिओ टावर बंद कर दिया गया चालू होने की सुगबुगाहट से मोहल्ले वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि बिजली का कनेक्शन बिजली विभाग के द्वारा टावर में पुनः किया जा रहा है जिसे तत्काल प्रभाव से रोकते हुए यथा स्थिति बनाए रखने का निवेदन किया है। इस अवसर पर सईद, अतर मोहम्मद, तालिब ,जब्बार हुसैन ,कुतुबुद्दीन, याकूब ,जफर हुसैन, मोहम्मद यूसुफ, शमसुद्दीन, इस्लाम मोहम्मद, बदरुद्दीन ,शाहिदा परवीन आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उप अधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने केंद्रीय विद्यालय को दी व्हील चेयर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में संचालित केंद्रीय विद्यालय को नगर पंचायत अध्यक्ष ने एक व्हीलचेयर प्रदान की है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने कस्बे में संचालित केंद्रीय विद्यालय के दिव्यांग छात्रों की मदद के लिए विद्यालय को एक अदद व्हील चेयर मुहैय्या कराई है। विद्यालय ने चेयरमैन के इस सहयोग पर हर्ष जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्राचार्य राजमंगल यादव, शिक्षक निशांत कुमार, बुलजीत सिंह, अरविंद कुमार, पीडी रावत सहित भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डंफर ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल

### हाइवे में ट्रैक्टर ट्राली पलटी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नेशनल हाईवे 34 में नारायनपुर गांव के समीप तेज रफ्तार डंफर अनियंत्रित डोकर हाईवे में खड़े ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारता हुआ हाईवे के नीचे खड्ड़े में जा घुसा। इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है। शुक्रवार को करीब 2:00 बजे पौथिया निवासी अजीत कुमार सचान 35 पुत्र कृष्ण कुमार सचान ट्रैक्टर ट्राली में बाजरा लादकर बेचने के लिए नवीन गल्ला मंडी आ रहा था। हाईवे में नारायनपुर गांव के समीप इसने ट्रैक्टर को पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर खड़ा कर रहा था तभी तेज रफ्तार डंफर ने पीछे से ट्राली में जोरदार टक्कर मार कर और उसे घसीटता हुआ हाईवे के नीचे खड्ड़े में जा घुसा। इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से ट्रैक्टर चालक अजीत कुमार सचान गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर थाने से इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है।

## कुनेटा मोड़ के पास पति-पत्नी ब बच्चों सहित अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर -मंगलवार की दोपहर पति-पत्नी बच्चों सहित कुनेहटा मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गया जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के प्राईवेट अस्पताल में इलाज कराया गया जिसकी शिकायत कोतवाली में करते हुए न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार कबरई जिला महोबा निवासी रामप्रसाद पुत्र कमल किशोर कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि चार अक्टूबर को नेशनल हाईवे से होते हुए हमीरपुर जा रहे थे तभी को कुनेहटा मोड के निकट अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें सवार मैं और मेरी पत्नी ज्ञानवती तीन बच्चे सड़क पर घायल हो गए राहगीरों की मदद से कस्बे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया बाइक जिसमें बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## छह सूचकांकों को लेकर आकांक्षी ब्लॉक ब्रह्मपुर में चली सीएमओ की पाठशाला

### ब्लॉक के सीएचओ, एएनएम और आशा संगिनी का किया गया अभिमुखीकरण

### प्रसव पूर्व जांच व देखभाल, नियमित टीकाकरण और गैर संचारी रोगों की स्क्रिनिंग के बारे में दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आकांक्षी ब्लॉक ब्रह्मपुर में छह स्वास्थ्य सूचकांकों को लेकर वहां के बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सभागार में बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा की पाठशाला चली। उनके द्वारा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम और आशा संगिनी का अभिमुखीकरण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रसव पूर्व जांच व देखभाल, नियमित टीकाकरण और गैर संचारी रोगों की स्क्रिनिंग से जुड़े छह सूचकांकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमओ ने सभी प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया। सीएमओ डॉ झा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि गर्भावस्था का पता चलते ही शीघ्र पंजीकरण हो जाने से गर्भवती को प्रसव पूर्व की सभी नौ माह की सेवाएं मिल जाती हैं। उच्च जोखिम गर्भावस्था की शीघ्र पहचान हो जाती है और गर्भवती को फोलिक एसिड की गोलियां समय से मिल जाने से बच्चे में जन्मजात विकृतियों से बचाव होता है। सम्पूर्ण गर्भावस्था के दौरान गर्भवती की चार बार प्रसव पूर्व जांच होनी चाहिए। इन जांचों में वजन, रक्त, पेशाब, मधुमेह, रक्तचाप और पेट की जांच अनिवार्य तौर पर की जानी चाहिए। खतरे को कोई भी संकेत दिखने पर गर्भवती को तुरंत चिकित्सक के पास संदर्भित कर दिया जाना चाहिए । हमारा जोर सम्पूर्ण प्रसव पूर्व जांच पर होना चाहिए। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो और सभी बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं गर्भवती को टीकाकरण की सुविधा मिले। सीएमओ ने बताया कि तीस वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति की वर्ष में कम से कम एक बार रक्तचाप और मधुमेह की जांच अवश्य की जाए। सीएमओ ने उपकेन्द्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर उपलब्ध लॉजिस्टिक की समीक्षा की और कहा कि किसी भी उपकरण की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर समय से खोले जाएं और साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था रखी जाए। किसी भी लापरवाही की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झांसी से आई संध्या निगम भूषण ने अपने आवास पर कार्तिक पूर्णिमा पर एक गौषठी का आयोजन किया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर मौदहा में स्थित आवास पर गुरु नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें धर्मात्मा प्रसाद गुप्ता 'अभिलाषी'मुख्य अतिथि, अध्यक्ष- रेवती पाठक ,विशिष्ट अतिथि -डॉक्टर सुधा श्रीवास्तव व राम प्रकाश प्रजापति शामिल रहे। गोष्ठी की शुरूआत रेवती पाठक की वंदना व गीत प्यार के नहीं कहूंगा से हुई। डॉक्टर सुधा श्रीवास्तव ने मधुर स्वर में गजल पढी:-शाम होते ही दिल मचलता है। राजेश निगम राज ने विशेष अंदाज में गजल लिखने के मेरे अंदाज कहते हैं व अभिलाषी ने सारगर्भित मुक्तकों की बरसात की उसके बाद डॉक्टर संध्या भूषण ने अपनी दिलकश आवाज में... दिल के हर दर्द को गजलों में ढाल लेती हूं पढ़कर समा बांधा शानदार मंच संचालन के साथ अंत में राम प्रकाश जी ने शब्दों में बड़ी जान होती है पढ़कर वा गाकर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की।माताजी ने सबका स्वागत व आभार प्रकट किया।

## अदालत से 5 वर्ष की सजा के बाद हरदोई के जिला पंचायत सदस्य विशाल सेठ की सदस्यता समाप्त,

### बावन चतुर्थ सीट से है सदस्य जिलापंचायत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला पंचायत की बावन चतुर्थ सीट से निर्वाचित सदस्य विशाल सेठ की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। उन्हें अदालत द्वारा 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद यह कार्रवाई हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस संबंध में पुष्टि की है, जिसके बाद अब इस सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा।सजा का कारणः विशाल सेठ को एक मामले में अपर जिला जज द्वारा 5 वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई थी। जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत, यदि कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराधों में दोषी सिद्ध होकर दो वर्ष या उससे अधिक की सजा पाता है, तो वह स्वतः ही सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है।

## बसपा की बैठक में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का लिया गया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। शुक्रवार को बस स्टॉप के समीप एक गेस्ट हाउस में आयोजित बसपा की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान परिषद सदस्य भीमराव अंबेडकर ने कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सभी को पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाना है साथ ही एस आई आर के दौरान प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं को तैनात करना है ताकि बीएलओ किसी तरह की गड़बड़ियां ना कर सके। बैठक को मंडल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा रजा मुहम्मद उर्फ श्रीनाथ, जिला प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, मंडल प्रभारी ज्ञानबाबू वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामफूल निषाद ने संबोधित किया। संचालन जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार ने किया। बैठक में बिहारीलाल वर्मा, सोनू सौदागर, बाबू खान, जेपी वर्मा, सागर, डॉक्टर जितेंद्र सागर, धर्मेंद्र भास्कर, सुमित, शिवम, हरिओम, मनोज सोनकर, अरुण कुमार, सुमित सम्राट, हफीज खान आदि मौजूद रहे।

## उल्लासपूर्वक मनाया गया स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

भरूआ सुमेरपुर। स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया। जनपदीय कार्यक्रम कस्बे के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट प्रार्थना, झण्डा गान , टेन्ट, मीनार एवं सांस्कृतिक समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि स्काउट गाइड हमें एकजुट एवं अनुशासन में रहना सीखता है। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को उचित मार्ग दर्शन दें।संचालन जिला स्काउट मास्टर अकबर अली ने किया। कार्यक्रम में 350 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट के प्रधानाध्यापक काजी नईमउददीन, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय ऊंछा की प्रधानाध्यापिका जाकिया बानो, अभिषेक शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, ह्देश कुमार ,कुसुम लता ,मीनाधुरिया, रंजना, मंजूलता, पुनीकुमार, सुखसेनलता,सीमा सिंह, मीनाक्षी, प्रमिला , मनीषकुमार ,कोमल, आकांक्षा, अनुराधा, हिमांशु सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। टीम प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

